# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | नई दिल्ली, शनिवार 16 मई 2026 | ज्येष्ठ मस, कृष्ण पक्ष | अमावस्या, वर्ष : 30, अंक : 27 | पृष्ठ 12, मूल्य : 2.00



इंदौर में आतिशबाजी


वाग्देवी की प्रतिमा

## अयोध्या राम मंदिर के फैसले के आधार पर भोजशाला का फैसला, 'वाग्देवी मंदिर' माना

### मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार भोजशाला मामले में सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# मां वाग्देवी की जय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/ धार

धार भोजशाला मामले में शुक्रवार को फैसला आ गया है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह परिसर हिंदू मंदिर है। हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर दायर याचिका पर फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भोजशाला का मूल स्वरूप संस्कृत शिक्षा केंद्र का था। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। अदालत ने एएसआई सर्वे और वैज्ञानिक अध्ययन पर भरोसा जताते हुए कहा कि पुरातत्व एक विज्ञान है और कोर्ट वैज्ञानिक निष्कर्षों पर भरोसा कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाली संरचनाओं का संरक्षण करे। अदालत ने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं, कानून-व्यवस्था और संरक्षण सुनिश्चित करना सरकार को ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश खारिज एएसआई के संरक्षण में ही रहेगा परिसर


भोजशाला मंदिर

### फैसले की तीन अहम बातें

1. भोजशाला में सरस्वती मंदिर और संस्कृत शिक्षा केंद्र के साक्ष्य पाए गए हैं
2. कोर्ट ने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई सर्वे के साथ अयोध्या केस को भी आधार माना
3. हर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन स्मारकों और मंदिरों की सुरक्षा निश्चित करे। साथ ही गर्भगृह और धार्मिक आस्था से जुड़ी देव प्रतिमाओं का भी संरक्षण करे

### फैसले के बाद धार में जश्न का माहौल

हाईकोर्ट द्वारा बड़ा फैसला सुनाए जाने के बाद धार शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। न्यायालय द्वारा भोजशाला को मंदिर के रूप में स्वीकार किए जाने पर हिंदू संगठनों और श्रद्धालुओं ने इसे आस्था और सत्य की बड़ी जीत बताया। फैसले की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में भोज उत्सव समिति के सदस्य और श्रद्धालु अखंड ज्योति मंदिर पहुंचे। इस दौरान पूरा परिसर मां वाग्देवी और भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया।

### मुस्लिम और जैन पक्ष जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि उन्हें हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और शोभा मेनन ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। अब फैसले की समीक्षा की जाएगी, इसके बाद मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाएगा। वहीं जैन समाज की ओर से पैरवी कर रहीं एडवोकेट प्रीति जैन ने कहा कि सुनवाई के दौरान यह दावा किया गया था कि तीर्थंकरों की मूर्तियों के अवशेष आज भी ब्रिटिश म्यूजियम में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मां सरस्वती की प्रार्थना

वाग्देवी वाञ्छितं मे वितरतु तरसा
शृङ्गभूभृन्निवासाव्याख्यामुद्राक्षमालाकलशसुलिखितै
राजदम्भोजपाणिः ।
वीणां पुष्करायें विलसति सितपुण्डरीके च
वामेतन्त्रैर्योगैः सदा मे श्रुतिशिखरगिरां देवतानां
प्रसादात्॥

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता या
वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना।
या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता सा मां
पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा ॥

शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमामाद्यां जगद्व्यापिनीं
वीणा- पुस्तक- धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम ।

हस्ते स्फटिकमालिकां विदधतीं पद्मासने
संस्थिताम्वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां
शारदाम्॥

### यह फैसला केवल कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं से जुड़ा हुआ विषय

## भोजशाला को मां वाग्देवी का मंदिर मानकर इसकी सदियों पुरानी पहचान को पुनर्स्थापित किया


सचिन दवे
भोजशाला मुक्ति आंदोलन के पूर्व मीडिया प्रभारी

एक्सपर्ट कमेंट

भोजशाला से जुड़ा विवाद वर्षों से भारतीय इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक पहचान के केंद्र में रहा है। हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय, जिसमें भोजशाला को वाग्देवी अर्थात मां सरस्वती का मंदिर माना गया, ने इस विषय को एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में ला दिया है। यह फैसला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं, ऐतिहासिक मान्यताओं और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा हुआ विषय बन गया है। कई लोगों के लिए यह भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का क्षण है। आज धार शहर के साथ ही मध्यप्रदेश और सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी सुधिजन इस फैसले पर हर्ष व्यक्त कर रहे हैं, जो की भोजशाला की गरिमा की पुनःस्थापना और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का परिचायक है। ज्ञातव्य है की भोजशाला मध्य प्रदेश के धार शहर में स्थित एक अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है। माना जाता है कि इसका संबंध परमार वंश के महान राजा भोज से है, जिन्हें भारतीय इतिहास में विद्या, कला और संस्कृति के संरक्षक के रूप में याद किया जाता है। राजा भोज केवल एक शासक नहीं थे, बल्कि वे एक महान विद्वान, साहित्यकार और स्थापत्य प्रेमी भी थे। इतिहासकारों के अनुसार, भोजशाला उस काल में शिक्षा, संस्कृत अध्ययन और विद्या साधना का प्रमुख केंद्र थी। यहां मां वाग्देवी अर्थात सरस्वती की आराधना की जाती थी और देशभर से विद्वान अध्ययन एवं शास्त्रार्थ के लिए यहां आते थे। भोजशाला की वास्तुकला और वहां पाए गए अनेक शिलालेख, मूर्तियां तथा पुरातात्विक अवशेष इसकी प्राचीन सांस्कृतिक पहचान की ओर संकेत करते हैं। संस्कृत भाषा के शिलालेख, देवी सरस्वती से जुड़े प्रतीक और मंदिर शैली की संरचना लंबे समय से यह दावा मजबूत करते रहे हैं कि यह स्थान मूल रूप से एक मंदिर और विद्या केंद्र था। इसी कारण बड़ी संख्या में लोग इसे भारतीय ज्ञान परंपरा और सनातन संस्कृति का प्रतीक मानते हैं। सभी जानते ही हैं की समय के साथ यह स्थल विवाद का विषय बन गया अथवा बना दिया गया। विभिन्न समुदायों द्वारा इस स्थान को अलग-अलग धार्मिक पहचान से जोड़ा गया और यही कारण रहा कि यह मामला अदालत तक पहुंचा। वर्षों से इस विषय पर कानूनी लड़ाई चल रही थी। अनेक याचिकाएं दायर की गईं, पुरातत्व सर्वेक्षण की मांग हुई, ऐतिहासिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और विभिन्न पक्षों ने अपने-अपने दावे अदालत के सामने रखे। अंततः विस्तृत सुनवाई और तथ्यों के अध्ययन के बाद हाईकोर्ट का यह निर्णय सामने आया है जिसने सभी आशंकाओं पर पूर्णविराम लगते हुए भोजशाला को माँ वाग्देवी का मंदिर मानकर इसकी सदियों पुरानी पहचान को पुनर्स्थापित किया है। यह फैसला कई मायनों में ऐतिहासिक हैं क्योंकि यह केवल एक भवन की पहचान तय करने का विषय नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक स्मृति से जुड़ा हुआ मामला है। लंबे समय से जो लोग भोजशाला को मां वाग्देवी का प्राचीन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रशासन अलर्ट मोड पर : रिजर्व पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स भी तैनात

फैसले के मद्देनजर इंदौर और धार जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। शुक्रवार होने से संवेदनशीलता और बढ़ गई है, क्योंकि इसी दिन मुस्लिम समाज भोजशाला परिसर में जुमे की नमाज अदा करता है। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। धार पुलिस कंट्रोल रूम में जिलेभर से करीब 1200 पुलिसकर्मियों को बुलाया गया है। एसपी सचिन शर्मा ने कंट्रोल रूम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पुलिस बल को निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि धार शहर की सुरक्षा 12 लेयर में की गई है। रिजर्व पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स को भी अलर्ट पर रखा गया है।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply


Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Delhi.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero, 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero, 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero, 9289922381, Okhla Phase Ii: Arc Hero, 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero, 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero, 9289922735, Dilshad Garden: Rk Hero, 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero, 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero, 9289923185, Pitampura: Shraman Hero, 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero, 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero, 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh(Faiz Road): Essaay Hero, 9289922382, Upper India Hero, 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero, 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero, 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero, 7836078383, Samalkha: Singla Hero, 7836078484, Janak Puri: Singla Hero, 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero, 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero, 9289924309, Nawada: Khanna Hero, 9289924310, Authorised Dealers: Ghaziabad: Meerut, Delhi Road, Globe Hero, 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero, 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero, 9289922486; Noida: H, 206 A, Sector 63, Dhansri Hero, 9289923044, Sector 5, B 124, Uppal Hero, 9289922462, Sector,58 C,70, Singla Hero, 9289923059, Buland Shahar: Shri Durga Hero, Delhi Road: 9289922504, Rajebabu Road: Krishna Hero, 9289922410, Authorised Dealers: Gurugram: Sec–18, Noble Enclave, Globe Agencies, 9289233915, Himgiri Hero, 9289923046, Basai Road Sector 11, Sharma Hero, 9289923221, Autoneeds Hero, 9289922051, Jasodha Hero, 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero, 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero, 9289924248, Sohna: No. 160/2 Delhi Road, Auto Links Hero, 9289924089, Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Nit: Sehgal Hero, 7217627327, VPS Jindal Motors, Neelambata Road, 9289235889.

RS/Hero/05/26

## खबर संक्षेप



### शास्त्री पार्क में ई-रिक्शा चालक को गोली मारी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में बहस के बाद दो व्यक्तियों ने एक ई-रिक्शा चालक को गोली मार दी। जख्मी ई रिक्शा चालक का नाम एहसान (54) बताया गया है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित एहसान ने अपने बयान में बताया कि दो व्यक्ति उसकी ई-रिक्शा में सवार हुए और जब उसने उन्हें उतरने के लिए कहा तो वे बहस करने लगे। इसके बाद उन्होंने उसे गोली मार दी और भाग गए। हालांकि एक संदिग्ध को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। अधिकारियों ने बताया कि एहसान को शुरू में जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए गुरुतेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया। इस बाबत मामला दर्ज कर लिया गया है और फोरेंसिक टीम ने मौका-ए-वारदात का मुआयना किया और सबूत इकट्ठे किए। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

### नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया से चल रहे नकली कपड़ों के रैकेट का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की डीआईयू टीम ने नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया में नकली कपड़ों के निर्माण करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। नकली जींस बनाने वालों के खिलाफ एक साथ चार जगहों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान लिवाइस, जारा, कैल्विन क्लेन और टॉमी हिलफिगर जैसी ब्रांडेड कंपनियों की 3,400 से ज्यादा नकली जींस बरामद की गई। हजारों की संख्या में नकली लेबल-टैग और पैकेजिंग का सामान जब्त किया गया। नकली कपड़े बनाने में इस्तेमाल होने वाली सात इंडस्ट्रियल सिलाई मशीनें भी जब्त की गई। डीसीपी पश्चिमी जिला दाराडे शरद भास्कर ने बताया कि इस संबंध में धारा 103/104 ट्रेड मार्क्स एक्ट और 63/65 कॉपीराइट एक्ट के तहत नारायणा थाने में केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किये गये चार लोगों के नाम विपिन सरदाना पुत्र पवन कुमार निवासी कीर्ति नगर, ऋषभ गर्ग पुत्र अशोक गर्ग निवासी इंद्रपुरी, नीरज भाम्बरी पुत्र स्वर्गीय राकेश कुमार भाम्बरी निवासी नोएडा, उत्तर प्रदेश और रवि प्रकाश पुत्र सत्य नारायण निवासी इंद्रपुरी है। नकली कपड़ों के इस रैकेट में शामिल पूरी सप्लाई चेन, निर्माताओं, वितरकों और अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### बिहारी कॉलोनी रेलवे लाइन के पास लगी आग, कई कारें जलकर खाक

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के फर्श बाजार थाना अंतर्गत बिहारी कॉलोनी में रेलवे लाइन के पास खड़े कई वाहनों में शुक्रवार को आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कवायद शुरू की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भयंकर थी कि आसपास का इलाका धुएं से भर गया था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना में किसी के हताहत होने की भी कोई सूचना नहीं है।

### बैंक्वेट हॉल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** अलीपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक 'बैंक्वेट हॉल' में भीषण आग लग गई। दमकल अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को आग लगने की सूचना सुबह लगभग 7:40 बजे प्राप्त हुई, जिसके बाद दमकल कर्मियों को तत्काल घटनास्थल पर रवाना किया गया। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये जांच की जा रही है।

# मंदिर से चोरी हुई प्राचीन मूर्ति और पीतल की वस्तुएं बरामद, दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



चांदनी चौक स्थित 104 साल पुराने मंदिर से शनि भगवान की प्राचीन अष्टधातु की प्रतिमा और पीतल की अन्य वस्तुएं चुराने के आरोप में 45 वर्षीय एक चोर और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम दिलशाद उर्फ बंता बताया गया है। वह पहले भी चोरी के 12 मामलों सहित 15 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के मुताबिक यह चोरी 11 और 12 मई की दरमियानी रात को कोतवाली क्षेत्र के प्राचीन श्री शिव नवगृह मंदिर में हुई। मंदिर के पुजारी मुकेश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराकर दावा किया था कि भगवान शनि की प्राचीन अष्टधातु की मूर्ति और पीतल की कई वस्तुएं सुबह तीन बजे से पांच बजे के बीच गायब हो गईं। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। 16 मई को होने वाले शनि जयंती समारोह से पहले यह मामला अहम हो गया जिसके चलते अधिकारियों ने पूजनीय प्रतिमा की बरामदगी को प्राथमिकता दी। इसके लिये एक विशेष टीम का गठन किया गया और उसने मंदिर और आसपास के रास्तों पर लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय जानकारी के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई और उसे मरघट वाले बाबा मंदिर के पास कलकतिया गेट के नजदीक से पकड़ा गया। यमुना बाजार में हनुमान मंदिर के पास रहने वाले दिलशाद ने पूछताछ के दौरान एक महिला से मिलीभगत का खुलासा किया। बाद में उस महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से चोरी की गई वस्तुएं बरामद की गई। बरामद वस्तुओं में अष्टधातु की मूर्ति, पीतल का एक छत्र, एक गदा, पीतल की एक थाली और पीतल के दो दीये शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दिलशाद पहले जीटीबी एन्क्लेव और सीमापुरी थानों में दर्ज कई चोरी और लूट के मामलों में शामिल था। महिला का नाम 2022 में कोतवाली थाने में दर्ज चोरी के एक मामले में भी सामने आया है।

# आत्महत्या की पुलिस को सूचना दिये बिना परिवार शव लेकर श्मशान पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर इलाके में 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में कथित रूप से फंदे से फांसी लगा जान दे दी। इसके बाद परिजन पुलिस को सूचित किए बिना शव को श्मशान घाट ले गए। श्मशान से पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तुरंत एक टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को आदर्श नगर थाने को जानकारी दी गई कि एक लड़की का शव पुलिस को बिना सूचना दिए केवल पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। मृतक युवती का नाम अंशिका पांडे पता चला और वह परिवार के साथ आजादपुर के लाल बाग में रहती थी। जांच के दौरान जानकारी मिली कि युवती ने अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के अनुसार परिवार के सदस्य ऐसे मामलों में कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ थे और वे अधिकारियों को सूचित किए बिना शव को सीधे अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और घर से सबूत इकट्ठा किए। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# प्रीत विहार में सुनार से लूटपाट मामले में पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार थाना क्षेत्र में एक सुनार से बंदूक के बल पर सोने की 23 चेन और तीन लाख रुपये लूटने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में घटना को अंजाम देने वाले दो लोग और उनके तीन साथी शामिल हैं। इनके नाम जगजीत नगर निवासी विजय कुमार (30), मंडावली निवासी सुनील (35), हरीश (42) व आनंद (21) और घोंडा में रहने वाले अर्जुन (26) के तौर पर हुई है। आरोपियों के पास से लूटी गई सोने की 21 चेन और 2.31 लाख रुपये बरामद कर लिए गए हैं। सोने का वजन करीब 250 ग्राम है। डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार मंडावली इलाके में आभूषण की दुकान चलाने वाले सुकुमार धारा से तीन मई की रात करीब साढ़े 10 बजे बंदूक के बल पर दो लोगों ने स्कूटर और मोबाइल लूट लिया था। उसमें सोने की 23 चेन, सोने के टुकड़े और तीन लाख रुपये नकद रखे थे। इस बाबत मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने दो विशेष टीमें गठित कर 10 दिनों तक 600 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों को आखिरकार बृहस्पतिवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके से पकड़ लिया गया। डीसीपी ने बताया कि भागने के दौरान आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए जानबूझकर लूटे गए स्कूटर को रास्ते में छोड़ दिया, तीन बार कपड़े बदले, परिवहन के साधन बार-बार बदले और लूटे गए मोबाइल फोन को भी चलती गाड़ी से फेंक दिया था ताकि तकनीकी जांच में अवरोध पैदा किया जा सके।

## धौला कुआं में सड़क पार कर रहे शख्स को डीटीसी बस ने कुचला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के गेट के पास शुक्रवार को सड़क पार करते समय एक शख्स को डीटीसी की नारंगी बस ने कुचल दिया। हादसे में शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूपी के उन्नाव निवासी विजय सिंह (40) के रूप में हुई है। शव को डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के एग्जिट गेट के पास एक हादसा हुआ। इस हादसे में विजय सिंह निवासी लालू खेड़ा, उन्नाव, उत्तर प्रदेश की सड़क पार करते समय एक नारंगी रंग की डीटीसी बस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार को भी मामूली चोटें आई है। हादसे की जगह पर क्राइम टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद विजय सिंह के शव को एम्बुलेंस के जरिए डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे सुरक्षित रखा गया और आगे की कानूनी चिकित्सीय कार्रवाई शुरू की गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाली डीटीसी बस का ड्राइवर बस समेत मौके से फरार हो गया। टक्कर मारने वाली बस के फरार ड्राइवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### राजधानी में पहली बार शुरू हुई हाइड्रोजन बसें डीएमआरसी की सेंट्रल विस्टा से नई पहल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पहली बार हाइड्रोजन से चलने वाली सार्वजनिक बसों का परिचालन शुरू हो गया है। यह पहल दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स और मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के साथ मिलकर दो हाइड्रोजन-पावर्ड शटल बस सर्विस शुरू की है। शुक्रवार को दोनों हाइड्रोजन बसों की चाबियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर (रिफाइनरी) अरविंद कुमार ने डीएमआरसी के डायरेक्टर (ऑपरेशंस एंड सर्विसेज) डॉ. अमित कुमार जैन को सौंपीं। हाइड्रोजन-ईंधन से चलने वाली यह बसें आधुनिक जीपीएस आधारित ट्रैकिंग और सीसीटीवी सिस्टम जैसी अन्य सुविधाओं से लैस है। दोनों बसों को सुबह 8:30 से दोपहर 12:30 बजे तक और 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक चलाया जाएगा, जो हर 30 मिनट में मिलेगी। बसें कर्तव्य भवन, विज्ञान भवन, निर्माण भवन, अकबर रोड, बड़ौदा हाउस, नेशनल स्टेडियम, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट्स, इंडिया गेट और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन सहित महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों और स्थलों को कवर करेगी।

# किसी भी अनियमितता से सख्ती से निपटा जाएगाः डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक संसाधनों या संस्थागत व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी अनियमितता से कानून और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन हमारी सरकार की मूल प्रतिबद्धताएं हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) की विशेष ऑडिट रिपोर्ट में वर्ष 2019-2025 के दौरान वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का खुलासा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सार्वजनिक संस्थानों में भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता और प्रक्रियात्मक उल्लंघनों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट में डीएमसी में प्रक्रियात्मक उल्लंघनों, अनियमित खर्च और गैर-कानूनी वित्तीय लाभों को इंगित किया गया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **नितेश पुत्र प्रेम पाल पताः** म. नं. 1439A2 ग्रेटर नोएडा यूपी., ने **FIR No. 814/2014, U/s: 380/511 IPC, थानाः मंडावली, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **नितेश,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **नितेश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 814/2014, U/s: 380/511 IPC, थानाः मंडावली, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **नितेश,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—03**
**पूर्व जिला, कोर्ट नंबर 16**
**कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6208/ED/2026**
**(Court Matter)**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचनाः**
**NER-LJN-2026-137, NER-LJN-2026-138 & NER-LJN-2026-139**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः– **क्रम सं.-01,** ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2026-137, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डलः– गोण्डा स्टेशन पर स्टाफ कॉलोनी क्वार्टरों की क्षतिग्रस्त/लीकेज वाली छतो का प्रतिस्थापन। अनुमानित लागत (₹): 3,11,99,714.39, अग्रिम धन (₹): 6,24,000/-, समापन अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-02,** ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2026-138, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डलः– गोण्डा स्टेशन पर रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वाटर्स का सुधार/मुख्य मरम्मत कार्य। अनुमानित लागत (₹): 4,28,21,037.60, अग्रिम धन (₹): 8,56,400/-, समापन अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-03,** ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2026-139, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डलः–गोण्डा में 40 'बेस्तरों वाले नये रनिंग रूम का निर्माण। अनुमानित लागत (₹): 1,45,60,286.16, अग्रिम धन (₹): 2,91,200/-, समापन अवधिः 12 माह। नोटः- **(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-137, NER-LJN-2026-138, & NER-LJN-2026-139 के लिये ई-निविदा दिनांक 03-06-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-101

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय

*खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा (भारत) पिन-131305*
(राज्य विधायिका अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित)
('बी++' ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित)

### प्रवेश सूचना (2026-2027)

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 के दौरान विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग (यूटीडीस), बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (खरल (जीन्द) और कृष्ण नगर (रेवाड़ी) में बीपीएसआईएचएल क्षेत्रीय केन्द्रों) और सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। प्रोग्राम्स मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प, जहां लागू हो, सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रस्तुत किए गए हैं।

**पोस्ट-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
2. हिंदी में मास्टर ऑफ आर्ट्स
3. संस्कृत में मास्टर ऑफ आर्ट्स
4. अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स
5. मास्टर ऑफ सोशल वर्क
6. इतिहास और पुरातत्व में मास्टर ऑफ आर्ट्स
7. राजनीति विज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
8. भूगोल में मास्टर ऑफ साइंस
9. मनोविज्ञान में मास्टर ऑफ आर्ट्स
10. मास्टर ऑफ कॉमर्स
11. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
12. मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट
13. एलएल.एम.*
14. गणित में मास्टर ऑफ साइंस
15. भौतिकी में मास्टर ऑफ साइंस
16. रसायन विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
17. खाद्य और पोषण में मास्टर ऑफ साइंस
18. पर्यावरणीय विज्ञान में मास्टर ऑफ साइंस
19. सीएसई (नेटवर्क सुरक्षा) में एम.टेक.
20. कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में एम.टेक.***
21. ईसीई में एम.टेक.***
22. आईसीटी में एम.टेक.***
23. फैशन टेक्नोलॉजी में एम.टेक.
24. एम.एड. (मास्टर ऑफ एजुकेशन)
25. मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स
26. एम.डी. आयुर्वेद (द्रव्यगुण)**
27. एम.डी. आयुर्वेद (कायाचिकित्सा)**

**अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
2. अर्थशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
4. बी.बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
5. बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
6. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
7. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसेज (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
8. बैचलर ऑफ लाइफ साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
9. बैचलर ऑफ होम साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
10. बी.ए.-एलएल.बी
11. बी.बी.ए.-एलएल.बी
12. बी.फार्मेसी, बी.फार्मेसी (लेटरल एंट्री) (एचएसटीईएस द्वारा आयोजित ओसीईटी के माध्यम से)
13. बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.)
14. इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी)**
    - बी.एससी. बी.एड. (सैकेंडरी)
    - बी.ए. बी.एड. (सैकेंडरी)
15. बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन - (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
16. बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएएमएस)/ आयुर्वेदाचार्य-एनईईटी (यूजी) के आधार पर केंद्रीकृत काउंसलिंग के माध्यम से**
17. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
18. इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**
19. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक. सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग/इंटरनेट ऑफ थिंग्स में स्पेशलाइजेशंस**
20. फैशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**
21. फैशन टेक्नोलॉजी और अपैरल डिजाइनिंग में बी.वोक.

**पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स**

1. विदेशी भाषा अध्यापन-फ्रेंच में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)
2. विदेशी भाषा अध्यापन-जर्मन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)
3. विदेशी भाषा अध्यापन-रशियन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएफएलटी)

**डिप्लोमा प्रोग्राम्स एवं सर्टिफिकेट कोर्सेज**

1. विदेशी भाषा अध्यापन-फ्रेंच में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
2. विदेशी भाषा अध्यापन-जर्मन में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
3. विदेशी भाषा अध्यापन-रशियन में डिप्लोमा (डीएफएलटी)
4. सहकारिता प्रबंधन में डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशियंसी
5. माइक्रो फाइनैंस प्रैक्टिसेज एंड वीमन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
6. फॉक मैडीसन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
7. सहकारिता प्रबंधन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी

**स्वामी रत्तन देव रीजनल सेंटर - खरल (जींद)**

**एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. संस्कृत में बी.ए. (ऑनर्स) (सिंगल मेजर)
4. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स) मल्टीडिसिप्लीनेरी प्रोग्राम

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.
3. हिन्दी में एम.ए.

**रीजनल सेंटर - कृष्ण नगर (रेवाड़ी)**

**एनईपी-2020 के तहत अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी),
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**
1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

**महत्वपूर्ण जानकारी :-**
1. उपरोक्त प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 28.05.2026 से 25.06.2026 तक किया जाएगा।
2. सभी प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश क्वालीफाइंग परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
3. *एलएल.एम. में प्रवेश बीपीएसएमवी द्वारा आयोजित किए जाने एंट्रेंस टेस्ट की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
4. **प्रवेश उनके सम्बद्ध नियामक निकायों द्वारा आयोजित काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा।
5. ***एम.टेक. (सीएसई), एम.टेक. (ईसीई) और एम.टेक. (आईसीटी) को एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित किया जाना शेष है।
6. ऑनलाइन प्रवेश आवेदन जमा करने के लिए प्रोसेसिंग चार्जेज सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और केवल हरियाणा के एससी, बीसी और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए रु. 125/- है। विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
7. ऑनलाइन प्रवेश हेल्प डेस्क नं. और ई-मेल हैं : 8059013131, 9729144411, helpadmission@bpswomenuniversity.ac.in
8. किसी विस्तृत प्रोग्राम के बारे में जानने के लिए, प्रवेश को-ऑर्डिनेटर्स से सम्पर्क करें, जिनके नम्बर विवरणिका 2026-27 में दिये गये हैं।

**आएं और बेहतर भविष्य के लिए हमें ज्वाइन करें**

संवाद-1239/11/90/2027/45248/सी/88/7 दि. 15.05.26 — रजिस्ट्रार

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में टावर ऑफ जस्टिस के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 2 अन्य कार्य। | 14.05.2026 25.05.2026 | 117 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव नीलोखेड़ी, जिला करनाल में बस स्टैंड का निर्माण (सीसीटीवी का प्रावधान केवल) + 9 कार्य। | 15.05.2026 21.05.2026 | 472.0 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-1, चण्डीगढ़ में हरियाणा सिविल सचिवालय में सब्सिडियरी ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी), सीआईएसएफ का निर्माण। | 14.05.2026 28.05.2026 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | कैथल जिले में कैथल में कैथल ड्रेन से प्रस्तावित बाईपास तक अम्बाला रोड के प्लांटेशन पर प्लांटेशन के एल/एस कार्य का ए/एम + 3 अन्य कार्य। | 18.05.2026 25.05.2026 | 27.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | सिविल सर्जन फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले के ई-निविदा औषधि 2026-27 हेतु विज्ञापन के सम्बन्ध में। | 19.05.2026 03.06.2026 | ईएमडी 100000 | https://etenders.hry.nic.in | 9996913229 dhs.csftb@hry.nic.in |
| 6 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आईपीपीआई कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों हेतु मुद्रण सामग्री। | 15.05.2026 29.05.2026 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 damfaridabad@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 0 से 130750-टेल तक रोड़ी घग्गर ड्रेन और इसकी सहायक ड्रेन्स की आंतरिक, बाह्य सफाई हेतु आकलन (खरीफ सीजन 2026 हेतु) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.05.2026 | 23.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल सं. 3, चरखी दादरी में गांव अचीना में आरडी-53700-एल लोहारू फीडर पर 3 सीएस. क्षमता के 02 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.05.2026 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | आरडी 10500 बाजिदा ड्रेन पर कल्वर्ट का निर्माण (जनसंवाद पंजी. सं. सीएमओएफएफ/जे/2023/014821)। | 12.05.2026 19.05.2026 | 12.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं (एम) मण्डल, नारनौल से सम्बन्धित हार्डवेयर मदों की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | 15.05.2026 29.05.2026 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कैंथाला खुर्द - गांव कैंथाला खुर्द ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में कैंथाला खुर्द से समसीपुर तक ब्रिक रास्ता + 1 कार्य। | 13.05.2026 19.05.2026 | 42.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | जलघर गांव शाह सतनामपुरा में अनुमोदित एनआईटी के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण 12 माह के दौरान त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और 3 माह के ट्रायल रन अवधि के पश्चात 5 वर्ष की अवधि के लिए (इसका खर्च वार्षिक रखरखाव आकलन में शामिल किया जाएगा) अनुसूची-IV के अनुरूप पीएचईडी द्वारा आपूर्ति की गई डिसइन्फेक्शन मैटीरियल, गांव में पूर्ण मौजूदा जलापूर्ति प्रणाली का और डीएनआईटी में वर्णित कार्य के लिए पूर्ण क्षेत्र हेतु जलघरों के प्रचालन और रखरखाव के लिए वितरण पाइप लाइन समेत जलघर, बी/एस-3 अदद का ओ एवं एम और रखरखाव, वितरण पाइप लाइंस, उपकार कॉलोनी, निकट कन्या महाविद्यालय और सुख सागर कॉलोनी में 3 अदद नये बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण, जलघरों पर मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, पम्पिंग मशीनरी, पम्प चेम्बर-1 अदद, आकार 12.80X8.55X2.44एम के आरसीसी स्वच्छ जल टैंक-2 अदद, डब्ल्यूटीपी 1.50 एमएलडी, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू सक्शन वैल 2 अदद, औसत आकार 74.68X88.57X3.66 - 2 अदद के दो अदद एस/एस टैंक का निर्माण + 3 कार्य। | 13.05.2026 03.06.2026 | 1805.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | नागोकी :- गांव नागोकी जिला सिरसा में ढाणी दिवान सिंह में जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन का प्रावधान और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 13.05.2026 21.05.2026 | 13.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | खरीफ सीजन 2026 से पूर्व आरडी 0 से 16600 तक लाइनिंग, डोवेल, किनारा और डाइवर्जन चैनल के बाहरी स्लोप की सफाई + 20 कार्य। | 12.05.2026 20.05.2026 | 150.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण जीन्द | गांव गढवाली, ब्लॉक जुलाना में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन और वाटरलॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 13.05.2026 23.05.2026 | 132.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477 ascojind@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण जीन्द | गांव शामलो कलां ब्लॉक जुलाना में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट के माध्यम से सैलाइन सॉइल और वाटरलॉग्ड एरिया का रिक्लेमेशन। | 13.05.2026 23.05.2026 | 500.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813066477 ascojind@gmail.com |
| 17 | रोजगार निदेशालय हरियाणा, पंचकूला | हरियाणा राज्य के बेरोजगार युवाओं को केन्द्रीयकृत सेवाओं के प्रावधान हेतु एक कॉल सेंटर एजेंसी का चयन। | 16.05.2026 29.05.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2922653 employment@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2027/340/45245/I/88/7 दि. 15.05.26

नई दिल्ली, शनिवार 16 मई 2026

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

*जो इंसान बुरे वक्त में सबकी मदद करते है, अक्सर उसके बुरे वक्त में उसकी ही मदद के लिए कोई नहीं होता। बात कड़वी है पर यही सच है।* - अज्ञात

### अमेरिका संग युद्ध के बीच भारत में हुई जयशंकर-अराघची की पहली प्रत्यक्ष मुलाकात

# पश्चिम-एशिया संकट, उसके प्रभावों, होर्मुज, समुद्री सुरक्षा-स्थिरता जैसी चुनौतियों के मुद्दे पर की गई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और इजरायल के साथ बीते करीब ढाई महीने से अधिक वक्त से जारी भीषण युद्ध के बीच शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच आमने-सामने की मुद्रा में पहली महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें पश्चिम एशिया संकट की वजह से बनी हुई स्थिति और उसके प्रभावों पर गंभीरता के साथ चर्चा की गई है। वैश्विक व्यापार के मुख्य केंद्र होर्मुज जलडमरूमध्य में बने हुए ताजा हालात, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर बनी हुई चिंताओं के मामले को भी वार्ता में शामिल किया गया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए डॉ.जयशंकर ने यह जानकारी दी है।

राजधानी में शुक्रवार को संपन्न हुई ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले हुई यह मुलाकात



### संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत

गौरतलब है कि इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है और उसकी मेजबानी में 14 से 15 मई तक समूह के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसके समापन से ठीक पहले भारत, ईरान के विदेश मंत्रियों की यह बैठक हुई है। देश और दुनिया के कूटनीतिक हलकों में बीते कुछ वक्त से इसे लेकर चर्चाएं जोरों पर थी। वहीं, भारत के विदेश मंत्री ने समूह के कई अन्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ भी बैठक की है। जिसमें रूस, ब्राजील, दक्षिण-अफ्रीका, इंडोनेशिया मुख्य रूप से शामिल हैं। हालिया समय में जयशंकर और अराघची के बीच फोन के माध्यम से लगातार संपर्क बना हुआ था। जिसमें भारत ने यह स्पष्ट किया है कि वह संघर्षों का बातचीत और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने के पक्ष में है। अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र होर्मुज में सुरक्षित, स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय नौवहन की व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर भी भारत प्रतिबद्ध है।

### जहाज पर हमले के बाद हुई बैठक

यहां एक गौर करने वाली बात यह भी है कि दोनों विदेश मंत्रियों की यह बैठक इसी सप्ताह बुधवार को ओमान के तट के पास एलपीजी की खेप लिए हुए भारत के राष्ट्रीय ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज एमएसवी हाजी अली पर हुए ड्रोन हमले के तुरंत बाद हुई है। घटना के दौरान जहाज समुद्र में डूब गया था। लेकिन ओमान के अधिकारियों द्वारा तत्काल पहुंचाई गई सहायता के जरिए इस पर सवार चालक दल के सभी 14 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया गया है। भारत की ओर से विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए इस हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही मालवाहक जहाजों और उनमें सवार निर्दोष लोगों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। इसके अलावा वैश्विक जलमार्गों में नौवहन की सुरक्षा और स्वतंत्रता को बरकरार रखने की भी मांग की है।

### भारत ने सराही ईरान की भागीदारी

जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से बातचीत में ब्रिक्स की बैठक में ईरान की भागीदारी की सराहना की है। अपनी एक्स पोस्ट में उन्होंने बताया कि 15 मई की सुबह ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ विस्तृत बातचीत हुई है। इस दौरान हमने पश्चिम-एशिया की स्थिति और उसके प्रभावों पर चर्चा की है। दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए द्विपक्षीय मुद्दों पर भी हमारी बैठक में विचारों का आदान-प्रदान किया गया है।

### ईरान ने दी संघर्षविराम, वार्ता की जानकारी

ईरान के बयान के मुताबिक, विदेश मंत्री अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर को अमेरिका, इजरायल के साथ चल रहे युद्ध से संबंधित ताजा घटनाक्रमों, वर्तमान में सभी पक्षों के बीच लागू संघर्षविराम और तनाव को खत्म करने के लिए चल रहे वार्ता के सिलसिले में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया। अराघची ने जयशंकर के सामने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पहले के मुकाबले और अधिक समन्वय के साथ कई उपलब्धियों को हासिल करेगा।

IPL आज का मुकाबला
केकेआर जीटी
शाम 7.30 बजे से

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रतीक यादव से मांगी थी 4 करोड़ की रंगदारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह के बेटे प्रतीक यादव से पिछले वर्ष चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया था। प्रतीक ने चिनहट के पूर्वांचल सिटी निवासी भू-व्यवसायी कृष्णानंद पांडेय, उनकी पत्नी वंदना पांडेय और पिता अशोक पांडेय के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कारोबार में निवेश के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर बताया गया है कि इससे प्रतीक को काफी नुकसान हुआ और वे मानसिक तनाव में आ गए। ये प्रतीक के लिए बड़ा झटका था और उन्होंने अपने दूसरे कारोबारों पर भी ज्यादा ध्यान देना शुरु कर दिया था।

### आगामी वक्त में यूएई द्वारा भारत में किया जाएगा 5 बिलियन डॉलर का निवेश

# अब भारत में नहीं होगी एलपीजी की कोई किल्लत, यूएई संग हुआ महत्वपूर्ण समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई में लगातार आ रही बाधाओं के बीच भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। जिसमें अब उसके सामने द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं रहेगी। क्योंकि इसकी सप्लाई के लिए शुक्रवार को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हो गया है। जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अल नाहयान की मौजूदगी में हस्ताक्षर के साथ आदान-प्रदान किया गया।

दरअसल, पीएम मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के तहत सबसे पहले 15 मई को यूएई पहुंचे थे। जहां उसके हवाई क्षेत्र में पीएम के विशेष विमान को यूएई की वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया। हवाई अड्डे पर खुद राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पहुंचकर उनकी अगवानी की। यूएई के सैन्य बलों ने पीएम को गार्ड ऑफ ऑर्नर का विशेष सम्मान दिया और फिर दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें भारत को एलपीजी गैस की सप्लाई के साथ कुल 7 दस्तावेज ⏩ शेष पेज 5 पर

- यूएई में हुई प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान की बैठक से निकला यह बड़ा निष्कर्ष
- अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में यूएई पहुंचे थे पीएम मोदी, एफ-16 विमानों ने किया एस्कॉर्ट
- यूएई पर ईरान के हमलों की प्रधानमंत्री ने की कड़ी निंदा, होर्मुज को सुरक्षित बनाए रखने को बताया भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता



### पहले कतर से पूरी होती थी जरूरतें

यहां बता दें कि भारत पूर्व में अपनी एलपीजी की ज्यादातर जरूरतों को खाड़ी क्षेत्र के एक अन्य देश कतर की मदद से पूरा करता था। लेकिन बीते वक्त में ईरान द्वारा कतर के रास लफान औद्योगिक क्षेत्र पर किए गए हमले के बाद नई दिल्ली ने अपने ऊर्जा उत्पादों की सप्लाई के मामले में विविधता लाने के प्रयासों को आगे बढ़ाया है। यूएई के साथ हुआ उसका यह समझौता इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है। यूएई में प्रधानमंत्री सिर्फ चार घंटे के लिए ही रुके थे और उसके बाद वह अपनी यात्रा के लिए आगे प्रस्थान कर गए। उन्होंने अपनी कुछ एक्स पोस्ट और तस्वीरों के जरिए भी राष्ट्रपति नाहयान के ⏩ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने की हमलों की कड़ी निंदा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति नाहयान के साथ हुई बैठक में उक्त संकट और उसके बीच यूएई पर किए गए ईरान के हमलों की सख्त अंदाज में कड़ी निंदा की है। साथ ही यूएई के शीर्ष नेतृत्व और वहां की जनता के प्रति अपनी ओर से सद्भावना जताई। उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि जिस तरह से यूएई को निशाना बनाया गया है। हम उसे कतई स्वीकार नहीं करते हैं। भारत हर परिस्थिति में यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। इतना ही नहीं भविष्य में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत हर संभव ⏩ शेष पेज 5 पर

### बातचीत-कूटनीति से लौटेगी शांति

प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति से कहा कि पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध की स्थिति का प्रभाव समूची दुनिया पर दिखाई दे रहा है। लेकिन भारत ने हमेशा से ही बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज को भी सुरक्षित और स्वतंत्र बनाए रखना भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। क्योंकि यह क्षेत्रीय शांति-स्थिरता की बहाली के साथ-साथ ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। वहीं, इस पूरे मामले में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन आवश्यक है। दोनों देशों के बीच करीबी संपर्क रहा है। मैं, दोनों देशों की व्यापक सामरिक साझेदारी को लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आपका अभिनंदन करता हूं। आज की परिस्थिति में हमारी इस साझेदारी का महत्व कई गुना ⏩ शेष पेज 5 पर

### नहीं बचेंगे पेपर लीक में शामिल दोषी, होगी कड़ी कार्रवाई

# अगले साल से ऑनलाइन होगा नीट का पेपर, ओएमआर से बेहतर है सीबीटीः धर्मेंद्र प्रधान



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को यह ऐलान किया है कि अगले साल 2027 से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता एवं सह प्रवेश परीक्षा-2026 (नीट-यूजी) कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन माध्यम (सीबीटी) से कराई जाएगी। क्योंकि ओएमआर यानी पेन-पेपर से बेहतर सीबीटी का विकल्प है। जिसके जरिए पूरी पारदर्शिता के साथ यह परीक्षा आयोजित कराई जा सकती है। रद्द हुई परीक्षा अगले महीने 21 जून को होगी और उसके लिए छात्रों को एडमिट कार्ड 14 जून तक जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा 3 मई को हुई थी और फिर पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद 12 मई को राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट की परीक्षा को रद्द कर दिया था। जिसके बाद यह पहला ऐसा मौका ⏩ शेष पेज 5 पर

- अगले महीने 21 जून को दोबारा होगी परीक्षा, 14 जून तक छात्रों को मिलेगा एडमिट कार्ड
- 3 मई को परीक्षा रद्द होने के बाद पहली बार हुई मीडिया ब्रीफिंग में बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री
- गुरुवार देर रात अपने आवास पर हुई बैठक में मामले पर की गई विस्तृत चर्चा के बाद शिक्षा मंत्री ने की यह घोषणा

### छात्रो के सपनों को रौंदने वाला किंगपिन एनटीए का कर्मचारी निकला, सीबीआई ने पुणे से दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा करते हुए कथित मास्टरमाइंड पी.वी. कुलकर्णी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टी ए)की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा केमिस्ट्री लेक्चरर था और उसे प्रश्नपत्रों तक सीधी पहुंच हासिल थी।

सीबीआई का दावा है कि कुलकर्णी ने परीक्षा से पहले पुणे स्थित अपने घर को "सीक्रेट कोचिंग सेंटर" बना दिया था, जहां चुनिंदा छात्रों को असली सवाल और उनके जवाब डिक्टेट किए गए। इसके बदले छात्रों से लाखों रुपये वसूले गए। जांच में सामने आया है कि अप्रैल ⏩ शेष पेज 5 पर

## भूमि विवादों के समाधान के लिए सभी जिलों में लगाई जाएं राजस्व लोक अदालतें : नायब

मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अगले 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा में जमीन संबंधी विवादों के त्वरित समाधान के लिए राजस्व लोक अदालतें लगाई जाएंगी जिनके माध्यम से उपायुक्त, एसडीएम व तहसीलदार विवादित पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवादों का समयबद्ध ढंग से समाधान करवाएंगे। यह निर्देश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित भारत-2047 के अंतर्गत तैयार किए गए 5 वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप और कार्य योजना की समीक्षा करते हुए कही बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं एफसीआर डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राजस्व संबंधी विवादों के शीघ्र समाधान के लिए विभाग द्वारा डिजिटल कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा ताकि विवादों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भूमि विवादों के तीव्र समाधान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत की तर्ज पर राजस्व लोक अदालत लगाई जाएं जिसमें संबंधित अधिकारी दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाएं। इसके लिए सभी जिलों में पटवारियों के माध्यम से लोगों को सूचित व जागरूक किया जाए और उपायुक्त ⏩ शेष पेज 5 पर

### महंगाई का झटका, रहें तैयार

## पेट्रोल-डीजल 3 रुपये महंगा दिल्ली में सीएनजी भी 2 रुपये बढ़ी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच आम लोगों को बड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है, जबकि दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई है। नई दरों के अनुसार राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में पेट्रोल अब 106.68 रुपये और डीजल 93.14 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। वहीं कोलकाता में पेट्रोल 108.74 रुपये और डीजल 95.13 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 103.77 रुपये और डीजल 95.35 रुपये प्रति लीटर बिकेगा।

उधर, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने भी सीएनजी की कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। इसके बाद ⏩ शेष पेज 5 पर

### शिवराज सिंह ने फडणवीस को सौंपी 35 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने महाराष्ट्र को दी सौगातः महाराष्ट्र के 5 लाख ग्रामीण परिवारों को पक्के घरों की चाबी सौंपी

*शिवराज सिंह ने दी महाराष्ट्र को पीएमएवाई-जी के लिए 8,368.50 करोड़ रुपए की बड़ी केंद्रीय सहायता*



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित "प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह" में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं और महाराष्ट्र के ⏩ शेष पेज 5 पर

## हाईवे किनारे बदलेगी ग्रामीण महिलाओं की तकदीर 'प्रोजेक्ट सक्षम' से रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई राह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ अब ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की बड़ी पहल शुरू की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वर्टिस फाउंडेशन के साथ मिलकर 'प्रोजेक्ट सक्षम' के जरिए ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का अभियान तेज किया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों, खासकर राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास रहने वाली महिलाओं और युवाओं को टिकाऊ आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। परियोजना के तहत देशभर में 12 प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां उद्योगों की जरूरत के अनुरूप कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि अब तक इस परियोजना के माध्यम से छह हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें चार हजार से अधिक को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार भी मिला है। खास बात यह है कि लाभार्थियों में 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं, जो इस पहल के महिला सशक्तिकरण केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

प्रोजेक्ट सक्षम के तहत युवाओं को औपचारिक कार्यबल से जोड़ने, रोजगार योग्य कौशल विकसित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मंत्रालय का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से पैदा होने वाले आर्थिक अवसरों का लाभ आसपास के ग्रामीण समुदायों तक पहुंचना चाहिए और यही इस योजना की मूल सोच है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी बड़ा कदम साबित हो सकती है।

### पेट्रोल-डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों पर भी बोला तीखा हमला

## सुरजेवाला ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी आभूषण क्षेत्र पर आर्थिक हमला कर रहे इससे साढ़े तीन करोड़ भारतीयों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने सोने-चांदी पर आयात शुल्क और पेट्रोल-डीजल व गैस के दामों में वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए मोदी सरकार को पुरजोर तरीके से घेरा है।

पत्रकारों से बातचीत में पार्टी महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि सरकार द्वारा सोने-चांदी पर आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक साल तक सोना न खरीदने की अपील से देश का आभूषण उद्योग गंभीर संकट में आ जाएगा।

**राहत पैकेज नहीं बस कोरी अपील:** मोदी सरकार के समक्ष पांच सवाल रखते हुए सुरजेवाला ने पूछा कि क्या नोटबंदी की तरह उद्यम बंदी भी भाजपा का 'न्यू नॉर्मल' है? सोना न खरीदने की अपील से प्रभावित साढ़े तीन करोड़ लोगों के लिए क्या सरकार के पास कोई राहत पैकेज है? सरकार देश में पहले से मौजूद सोने का इस्तेमाल कर बुलियन बैंकिंग फ्रेमवर्क क्यों नहीं बना रही? क्या आभूषण की छोटी दुकानों को बंद करके इस सेक्टर को दो-तीन बड़े उद्योगपतियों को सौंपने की तैयारी है? उन्होंने तंज करते ⏩ शेष पेज 5 पर

### 8 सालों में 18 लाख छोटे, मंझोले उद्योग धंधे हुए बंद

सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जुलाई 2020 से अगस्त 2025 के बीच 75,082 एमएसएमई बंद हो चुके हैं। 2015-16 से 2022-23 के बीच असंगठित विनिर्माण क्षेत्र में 18 लाख एमएसएमई बंद हो गए। उन्होंने आगे कहा कि अब प्रधानमंत्री छोटे सुनार, कारीगर, व्यापारियों की आजीविका को खत्म करने और देश में तबाही मचाने का रास्ता खोल रहे हैं। उन्होंने इसे भाजपा निर्मित त्रासदी और क्रूर अमानवीय अत्याचार ⏩ शेष पेज 5 पर

## 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान से जनता को जोड़ेंगे पार्टी के विधायक

# प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को जन-आंदोलन बनाएगी दिल्ली सरकारः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों की बचत और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के आह्वान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक कर पार्टी विधायकों से दिल्ली सरकार के निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकट, ईंधन की बढ़ती चुनौती और आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री के संदेश को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएं और लोगों को ईंधन बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, कारपूलिंग तथा जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विधायक स्वयं भी उदाहरण प्रस्तुत करें। 'मेट्रो मंडे' पहल के तहत विधायक सप्ताह में एक दिन मेट्रो से यात्रा करें ताकि आम नागरिक भी प्रेरित हों। उन्होंने विधायकों से अपने काफिलों को सीमित करने, वाहनों का कम उपयोग करने तथा ई-वाहनों को प्राथमिकता देने की भी अपील की।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि वर्तमान समय केवल सरकारी प्रयासों का नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाने का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया संदेश केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक जीवनशैली की दिशा में एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्रों की आरडब्ल्यूए, सामाजिक संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशन, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न संगठनों के बीच जाकर दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि यह 90 दिवसीय जनजागरूकता अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सामूहिक भागीदारी का प्रयास है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री के आह्वान को धरातल पर उतारने के लिए कई बड़े निर्णय लिए हैं। इसके तहत आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सरकारी विभागों में सप्ताह में दो दिन 'वर्क फ्रॉम होम' व्यवस्था लागू की जा रही है। निजी संस्थानों और कंपनियों को भी इस दिशा में सहयोग करने की सलाह दी गई है।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा कि दिल्ली सरकार ने संकट की घड़ी में जो निर्णय लिए हैं, उसकी जानकारी आमजन तक भी पहुंचनी चाहिए ताकि वे भी उन पर अमल करें। सरकार के इन निर्णयों के तहत हर सोमवार 'मेट्रो मंडे' मनाया जाएगा तथा सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने अगले छह महीने तक नया पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या हाइब्रिड वाहन नहीं खरीदने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री के बीच निर्धारित किया गया है ताकि बिजली की बचत सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही सरकार ने 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राजधानी के मॉल्स और सुपरमार्केट्स में विशेष कॉर्नर स्थापित करने का भी निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री के अनुसार यदि प्रत्येक नागरिक छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाए, तो देश ऊर्जा संकट जैसी चुनौतियों का मजबूती से सामना कर सकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल प्रशासनिक निर्णय लेना नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सहभागिता की भावना विकसित करना है। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली यदि इस अभियान में सफल मॉडल बनती है, तो इसका सकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने शुरू की वर्चुअल बैठक

**नई दिल्ल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों की बचत और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के आह्वान को ध्यान में रखते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रशासनिक स्तर पर वर्चुअल बैठकों की श्रृंखला शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय से डिविजनल कमिश्नर, सभी जिला अधिकारियों (डीएम) और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वर्चुअल मीटिंग) के माध्यम से विस्तृत समीक्षा बैठक कर दिल्ली सरकार के निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अटल कैंटीन, आरोग्य मंदिर, फायर कार्यालयों और जनसुविधाओं का नियमित निरीक्षण करने, जलभराव, खतरनाक पेड़, पीएनजी कनेक्शन और जनसमस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने डीएम व वरिष्ठ अधिकारियों को ईंधन बचत, मेट्रो मंडे और नो व्हीकल डे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

## ई-साईकिल से एनडीएमसी और ईवी से सचिवालय पहुंचे केबिनेट मंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के माध्यम से ईंधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सतत गतिशीलता को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा ई वाहनों का उपयोग करते हुए नजर आए। मंत्री प्रवेश वर्मा ई-साइकिल से एनडीएमसी कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिम्मेदार शासन सिर्फ फैसलों से नहीं, बल्कि अपने व्यवहार से भी दिखता है। इस मौके पर मंत्री प्रवेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश आज के समय की जरूरत है। हम जितनी बचत आज करेंगे, उतना ही आने वाले समय को सुरक्षित बनाएंगे। यह सिर्फ सरकार का नहीं, हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने दिल्ली सरकार की उस अपील को भी दोहराया, जिसमें लोगों से जहां संभव हो वर्क-फ्रॉम-होम अपनाने और मेट्रो जैसे सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने की सलाह दी गई है, ताकि ईंधन की खपत कम हो और ट्रैफिक का दबाव भी घटे।

मंत्री कपिल मिश्रा शुक्रवार को ऊर्जा संरक्षण का सन्देश देने के लिए ईवी कार चलाकर दिल्ली सचिवालय पहुंचे। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली वासियों के सहयोग से ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा अपने कैंप कार्यालय से दिल्ली सचिवालय तक मेट्रो एवं इलेक्ट्रिक वाहन के माध्यम से पहुंचे। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मेट्रो से की गई उनकी यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत दिए गए आह्वान के प्रति एक योगदान है। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## मानसून को लेकर एमसीडी आयुक्त ने अंतर-विभागीय बैठक की अध्यक्षता की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त संजीव खिरवार ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन मिशन' के अंतर्गत आगामी मानसून सीजन से पूर्व दिल्ली में जलभराव एवं नालों की सिल्ट सफाई (डी-सिल्टिंग) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक महत्वपूर्ण अंतर-विभागीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली पुलिस, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईडीसी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डुसिब) तथा अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जलभराव एवं नालों की सिल्ट सफाई कार्य से जुड़े अंतर-विभागीय मुद्दों की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि मानसून से पहले प्रभावी व्यवस्थाएँ की जा सकें। बैठक को संबोधित करते हुए आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि दिल्ली में चार फीट एवं उससे अधिक चौड़ाई वाले कुल 3,014 नाले हैं, जिनकी कुल लंबाई लगभग 3,737 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि इनमें से 793 नाले नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

## निगम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ वरिष्ठ नागरिक संगठन ने उपराज्यपाल से लगाई गुहार

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के लामपुर मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर 'रिटायर्ड एम्प्लॉइज एंड सीनियर सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन दिल्ली (रजि.)' ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। संस्था के महासचिव मनमोहन भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने 24 अप्रैल 2026 को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पिछले छह माह से अधिक समय पहले मुख्य चिकित्सक डॉ. इंद्रा के स्थानांतरण के बाद से नरेला पीयूएचसी डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत करीब 1500 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारी पंजीकृत हैं, जबकि प्रतिदिन लगभग 500 से 600 लोग दवाइयां और उपचार लेने के लिए यहां पहुंचते हैं। संस्था ने आरोप लगाया कि पिछले करीब दो वर्षों से कई विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद भी खाली पड़े हैं, जिससे मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार, निगमायुक्त दिल्ली नगर निगम, उपायुक्त नरेला क्षेत्र तथा सीएमओ नरेला को भी भेजी गई है। संस्था पदाधिकारी ने बताया कि नरेला क्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा सीमा से लगे गांवों के लोग भी इलाज के लिए इसी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर हैं। ऐसे में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को लंबी प्रतीक्षा और अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संस्था ने उपराज्यपाल से मांग की है कि नरेला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के हजारों मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## मई में पहली बार अधिकतम पारा फिर पहुंचा 40 डिग्री पार, राहत नहीं अब लू की संभावना

**नई दिल्ली।** इस मई के महीने में पहली बार सूरज के कड़े तेवरों के चलते अधिकतम पारा चढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रादेशिक मौसम अनुमान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को राजधानी में अधिकतम तापमान चढ़कर 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है। इस गर्मी के दौरान मई महीने में पहली बार है कि अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा है। मतलब 1-14 मई के बीच एक बार भी अधिकतम पारा 40 डिग्री तक नहीं पहुंचा था। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिन इसमें और बढ़ोतरी होगी, यानी अभी राहत के आसार नहीं है। वहीं जिनी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि 2026 मई महीने में पहली बार शुक्रवार को सफदरजंग वेधशाला ने पारा अधिकतम तापमान ने 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार किया है और अगले हफ़्ते पारा 43 डिग्री के पार जा सकता है। कंपनी का कहना है कि पिछले 2-3 दिनों में दिल्ली क्षेत्र में मानसून से पहले के मौसम से जुड़े खतरे बढ़ गए हैं। गरज-चमक के साथ तूफ़ान, धूल भरी आँधियाँ, गर्मी, तेज़ हवाएँ और बिजली की घटनाएँ अब ज्यादा और तेज हो गई हैं। साथ ही, दिन का तापमान मई में पहली बार सामान्य से ज़्यादा रहा, हालांकि बहुत थोड़ा ही। कंपनी का कहना है कि मई के महीने में 40 डिग्री के आँकड़े को पार करना दिल्ली के लिए काफ़ी सामान्य बात है। वर्ष 2010 से अब तक, मुख्य केंद्र सफदरजंग में 2021 में सबसे कम अधिकतम तापमान 41.6 दर्ज किया गया था। जबकि इस दौरान मई 2010 से अब तक दिल्ली में आठ बार तापमान 45 डिग्री के पार दर्ज हो चुका है।

## महापौर ने स्वामी दयानंद अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने जमीनी स्तर पर हकीकत का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को दिलशाद गार्डन स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने रोगियों से बातचीत कर अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। रोगियों ने अस्पताल में डॉक्टरों के द्वारा दी जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं एवं दवाओं की उपलब्धता पर संतुष्टि व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान शाहदरा (उत्तरी) क्षेत्र के अध्यक्ष पुनीत शर्मा, स्थानीय पार्षद वीर सिंह पंवार, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, शाहदरा (उत्तरी) क्षेत्र की उपायुक्त ममता यादव, स्वामी दयानंद अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनीता कुजूर सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। महापौर प्रवेश वाही ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया एवं उसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर प्रवेश वाही ने रोगियों के तीमारदारों के लिए नवनिर्मित वातानुकूलित प्रतीक्षा कक्ष का उद्घाटन किया और प्रतीक्षा कक्ष में बैठने के लिए समुचित संख्या में बेंच लगाने के निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि नागरिकों को सुविधा के लिए स्वामी दयानंद अस्पताल में 100 बिस्तरों की सुसज्जित नई गहन चिकित्सा इकाई का निर्माण किया जायेगा।

## लंबे समय बाद प्रदेश कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति, यादव ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबे समय बाद कांग्रेस हाई कमान ने दिल्ली कांग्रेस के 14 जिलों पर नए जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्षों की घोषणा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केन्द्रीय नेतृत्व को आभार प्रकट किया है। यादव ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में अनुभव, क्षेत्र में जमीनी स्तर पर पकड़ के साथ-साथ जाति और वर्गों का ख्याल रखा गया है। कांग्रेस परिवार कर्मठ साथी पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, आदेश भारद्वाज और धर्मपाल चंदेला की लंबे समयतक जिला अध्यक्ष के रुप में दी गई अमूल्य सेवाओं और पार्टी के लिए संघर्ष के प्रति उनका अभिनन्दन करता है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी नव-नियुक्त और पहले से कार्यरत जिलाध्यक्षगण पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को और सुदृढ़ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डीपीसीसी के अनुसार जिला आदर्श नगर की जिम्मेदारी सिद्धार्थ राव को दी गई है। जबकि चांदनी चौक - मोहम्मद उस्मान, करावल नगर - मंगेश त्यागी, बाबरपुर - राज कुमार जैन, पटपड़गंज - विजेंद्र चौधरी, कृष्णा नगर - सुमित शर्मा, करोल बाग - महेंद्र भास्कर, नई दिल्ली - मोहिंदर मंगला, रोहिणी - इंद्रजीत सिंह, किरारी - वरुण ढाका, तिलक नगर - अमनदीप सिंह सूदन, नजफगढ़ - राजेश यादव, महरौली - वीरेंद्र शर्मा और जिला बदरपुर की जिम्मेदारी हर्ष चौधरी को सौंपी गई है। यादव का कहना है कि सभी नियुक्तियां संगठन सृजन अभियान के तहत की गई हैं। इस पहल के तहत, हर जिले में नियुक्त एआईसीसी ऑब्जर्वर ने डिटेल में रिव्यू किए। पार्टी के पदाधिकारियों और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से बातचीत की और बाद में अपनी पूरी रिपोर्ट जमा की। हर ऑब्जर्वर के साथ-साथ सीनियर नेताओं के साथ वन-टू-वन चर्चा की गई।

## दिल्ली सरकार की अपील का नहीं हो रहा बस चालकों पर असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ बस स्टैंड पर ओवरटेक कर रहे हैं अधिकतर चालक

दिल्ली सरकार लगातार लोगों से सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील कर रही है, ताकि पेट्रोल-डीजल की खपत कम हो, प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके और ट्रैफिक जाम की समस्या घटे। मुख्यमंत्री और कई मंत्री भी समय-समय पर मेट्रो, बस और कार पूलिंग को बढ़ावा देने की बात कहते रहे हैं। लेकिन ज़मीनी स्तर पर हालात कुछ और ही दिखाई दे रहे हैं। राजधानी के कई इलाकों में यात्रियों की शिकायत है कि डीटीसी और क्लस्टर बसों के अधिकतर चालक अक्सर निर्धारित बस स्टैंड पर बस नहीं रोकते, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई चालक तो स्टैंड की तरफ बसों को लेकर ही नहीं जाते है और ओवरटेक कर चलते हैं।

दैनिक यात्रियों का कहना है कि कई बार बस चालक स्टैंड से पहले या आगे बस रोकते हैं, जबकि कई बार हाथ देने के बावजूद बसें बिना रुके निकल जाती हैं। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक दिक्कत होती है। यात्रियों का आरोप है कि सरकार एक तरफ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर बस संचालन व्यवस्था में सुधार की कमी साफ दिखाई देती है।

### सिर्फ अपील ही नहीं निगरानी भी जरूरी

जागरूक यात्रियों का मानना है कि सार्वजनिक परिवहन को सफल बनाने के लिए केवल अपील काफी नहीं है, बल्कि बस चालकों और परिचालकों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। जब सरकार खुद लोगों से सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील कर रही है, तो क्या बस चालकों द्वारा स्टैंड पर बस नहीं रोकने की समस्या पर सख्ती से कार्रवाई होगी?

## एसएस मोता स्कूल की फाइल गायब, क्या छिपाना चाहते हैं आशीष सूद?ः भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा जिस एसएस मोता सिंह स्कूल में तीन साल की बच्ची के साथ रेप हुआ, उसका राजनीतिक संबंध होने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री आशीष सूद की गलत बयानी पर पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार में एसएस मोता सिंह स्कूल की फाइल गायब हो गई है। आशीष सूद बताएं कि सरकार क्या छिपाना चाहती है? ट्रस्ट में आने-जाने वाले सदस्यों की सारी जानकारी सरकार के सब रजिस्ट्रार को दी जाती है। वह फाइल कैसे गायब हो गई? उन्होंने पूछा कि अगर स्कूल का कोई राजनीति संबंध नहीं है तो फिर अमरजीत सिंह बब्बू ने फेसबुक पर ट्रस्टी बनाने का सारा श्रेय मंत्री प्रवेश वर्मा को देते हुए उन्हें धन्यवाद क्यों किया? सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्कूल के ट्रस्ट में अमरजीत सिंह के अलावा डॉ. वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, स्वाति गर्ग और मनीष गुप्ता नए ट्रस्टी बने हैं। फेसबुक पर पोस्ट करने से अमरजीत सिंह बब्बू के बारे कुछ जानकारी मिल गई, लेकिन बाकी तीन लोग कौन हैं? बच्ची के पैरेंट्स का कहना है कि वे जब भी थाने गए, तो स्कूल के जनकपुरी ब्रांच के मैनेजर मनजीत सिंह ओलख वहां मिले, जो मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के करीबी हैं और साथ में दोनों की फोटो भी है।

# एलजी ने की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने और ईज ऑफ लिविंग सुधारने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें एलजी ने दिल्ली में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने व ईज ऑफ लिविंग सुधारने के लिए चल रहे डीरेगुलेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। एलजी ने कहा कि दिल्ली ने लीडस 2025 रैंकिंग में एक्जेम्प्लर का दर्जा हासिल किया है यह खुशी की बात है। लेकिन यह रैंकिंग हमें और अधिक जिम्मेदारी भी देती है, कि जनता व व्यापारियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं आसानी से प्रदान की जाए। प्रशासन को चाहिए कि व्यापारियों की राह और जनता का जीवन बाधा मुक्त करने के लिए ठोस व गुणवत्तापूर्वक सेवाएं देना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। एलजी ने कहा कि प्रगति रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस लंबे समय से चली आ रही रेगुलेटरी बाधाओं को हटाकर शासन को सरल बनाने और परमिटेड अनटिल प्रोहिबिटेड इकोसिस्टम की ओर बढ़ने पर है। ओमनीबस ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बिल 2026 को तेजी से लाने की प्रक्रिया चल रही है। इससे मंजूरी की प्रक्रिया और बेहतर होगी और अनुपालन का बोझ भी कम होगा। सभी क्षेत्रों में सेवा की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखना भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार द्वारा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों के तहत चिन्हित सभी बाकी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 30 जून 2026 तक पूरी तरह लागू कर दिया जाए। मोदी के विजन के अनुरूप हर सुधार दिल्लीवासियों के लिए बेहतर दक्षता, पारदर्शिता और अवसरों में बदलना चाहिए। हम दक्षता और उत्कृष्टता वाले शासन मॉडल के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यह प्रयास विकसित दिल्ली के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मंजूरी की प्रक्रिया और बेहतर होगी और अनुपालन का बोझ भी कम होगा। साथ ही, सभी क्षेत्रों में सेवा की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखना भी सुनिश्चित किया जाएगा। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप हर सुधार दिल्लीवासियों के लिए बेहतर दक्षता, पारदर्शिता और अवसरों में बदलना चाहिए। हम दक्षता और उत्कृष्टता वाले शासन मॉडल के प्रति प्रतिबद्ध हैं।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | जिंद कोचिंग डिपो में बायो टॉयलेट परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना का प्रावधान। (निविदा संख्या 10-2026-27-W-IV) | | |
| अनुमानित लागत | ₹20,95,944.06 | धरोहर राशि | ₹41,900/- |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 22.05.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.06.2026 को 15:00 बजे | | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/10/2026–27–डब्ल्यू–4
दिनांक: 14.05.2026 1623/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 81-SRDEE-G-DLI-2026-27 अक्षरधाम के पास एचएनजेडएम स्थित न्यू रेनी वेल में "150 एचपी के तीन पुराने वी.टी. पंपों और अन्य संबंधित उपकरणों के प्रतिस्थापन" से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.9933103.00/– |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य, डीआरएम कार्यालय, दिल्ली मंडल, उत्तरी रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| बयाना राशि | रु. 198700.00/– |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 05.06.2026, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 05.06.2026 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in<br>वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

1618/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एमसी नारनौल में स्ट्रीट लाइट का वार्षिक रखरखाव + 10 कार्य। | 13.05.2026<br>28.05.2026 | रु. 3,15,06,104/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905<br>eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45215/I/88/7 दि. 15.05.26

## जैकेट का शेष

### मां वाग्देवी ...

दायित्व है। मुस्लिम पक्ष को नमाज के लिए धार जिले में अलग जमीन के लिए सरकार से संपर्क करने की छूट दी गई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार और एएसआई को भोजशाला परिसर के प्रबंधन और संस्कृत शिक्षा से जुड़े फैसले लेने को कहा है। एएसआई परिसर का समग्र प्रशासन और प्रबंधन जारी रखेगा।

### मुस्लिम और जैन ...

मौजूद हैं और उन्हें उचित स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जैन समाज भी सुप्रीम कोर्ट जाएगा। लिहाल भोजशाला के मुख्य गेट पर बैरिकेड्स लगाकर परिसर को बंद कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### भोजशाला को मां ...

मंदिर मानते रहे, उनके लिए यह निर्णय आस्था और विश्वास की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। विशेष रूप से मध्य प्रदेश और देशभर के सनातन समाज में इस निर्णय के बाद प्रसन्नता और संतोष का वातावरण दिखाई दे रहा है। भोजशाला का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं है, बल्कि यह भारतीय शिक्षा और ज्ञान परंपरा का भी प्रतीक है।

## पेज एक का शेष

### अब भारत में नहीं ...

(एमओयू, समझौते, घोषणाओं सहित) निकलकर सामने आए हैं। यूएई द्वारा भारत में आगामी समय में कुल 5 बिलियन डॉलर का निवेश करने का भी ऐलान किया गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत में भारत, यूएई के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। व्यापक सामरिक साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने का दोनों नेताओं ने स्वागत किया है। ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, निवेश, व्यापार-निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक, शिक्षा-संस्कृति और लोगों के बीच बने हुए संबंध जैसे मुद्दे इसमें शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

**आप मेरे भाई हैं, अपने दूसरे घर आया हूं:** प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति अल नाहयान को अपने भाई की तरह बताते हुए कहा कि यूएई मेरा दूसरा घर है और आज मैं अपनी इस यात्रा से अपने दूसरे घर आया हूं। उन्होंने उनके आत्मीयता से भरे स्वागत के लिए हृदय से आभार जताया और कहा कि आपका यह भाव और स्वागत मेरे लिए जीवन की बहुत बड़ी पूंजी है। जिस तरह से यूएई की वायुसेना के विमानों ने मेरा स्वागत किया। यह मेरा व्यक्तिगत नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। बीते कुछ वक्त में आपसे लगातार फोन पर बातचीत होती रहती थी। लेकिन मैं स्वयं आपसे मिलने के लिए बहुत ही आतुर था। मुझे ऐसा लग रहा था कि जितना जल्दी हो सके, मुझे आपसे मिलना चाहिए और आपके पास आना चाहिए। आज आपसे मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई है।

**भारतीयों की देखभाल के लिए जताया आभार** : पीएम ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय (45 लाख) की चिंता करने और उनकी देखभाल करने के लिए जिसमें खासतौर पर आपने उन्हें अपने परिवार के सदस्य के रूप में संभाला है। उसके लिए मैं, यूएई की सरकार, रॉयल परिवार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने हालिया समय में आई प्राकृतिक आपदा और फुजैराह के इलाकों में आई परेशानी से पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

**ऊर्जा समझौते की बड़ी बातें** : दोनों नेताओं ने चमकदार और बढ़ती हुई द्विपक्षीय ऊर्जा भागीदारी का स्वागत किया है। जिसमें यूएई की भारत की ऊर्जा सुरक्षा यानी क्रूड ऑयल, एलपीजी से लेकर एलएनजी सप्लाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है। दोनों ने व्यापक ऊर्जा साझेदारी को लेकर नई कदमों को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई है। साथ ही स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के बीच हुए सामरिक भागीदारी समझौते का स्वागत किया है। समझौते से भारत के स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व (आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम) में यूएई की भागीदारी 30 मिलियन बैरल तक बढ़ेगी। दोनों देश मिलकर ओडिशा के चांदीकोल में सामरिक गैस रिजर्व की स्थापना को लेकर भी साथ मिलकर काम करेंगे। यूएई के फुजैराह में मौजूद कच्चे तेल की स्टोरेज को भारत के सामरिक पेट्रोलियम रिजर्व के रूप में मदद प्रदान की जाएगी। यूएई भारत में एलएनजी और एलपीजी स्टोरेज सुविधाओं में सहयोग करेगा। पीएम मोदी, राष्ट्रपति नाहयान ने एलपीजी की दीर्घकालिक सप्लाई को लेकर इंडियन ऑयल लिमिटेड कंपनी (आईओसीएल) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के बीच हुई व्यवस्था का भी स्वागत किया है। गैस की बिक्री और खरीद के लिए संभावित अवसरों को तलाशने पर भी सहमति दी है।

**यूं होगा यूएई का 5 बिलियन का निवेश** : यूएई की इकाइयां भारत में 5 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगी। जिसमें सबसे ज्यादा 3 बिलियन का निवेश एमिरेट्स एनडीबी द्वारा आरबीएल बैंक ऑफ इंडिया में किया जाएगा। जबकि 1 बिलियन का निवेश अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) द्वारा नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट फंड ऑफ इंडिया में किया जाएगा। जिसका इस्तेमाल देश के प्राथमिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में किया जाएगा। इसके अलावा 1 बिलियन का निवेश यूएई की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी द्वारा सम्मान कैपिटल ऑफ इंडिया में किया जाएगा।

**अन्य समझौतों का सार:** मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं की बैठक के बाद भारत, यूएई के बीच कुल करीब 3 एमओयू, 1 समझौते, रक्षा भागीदारी से जुड़े तंत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें-

-सामरिक रक्षा भागीदारी को लेकर फ्रेमवर्क पर हुए हस्ताक्षर से नवाचार-उन्नत तकनीक, प्रशिक्षण, युद्धाभ्यासों, समुद्री सुरक्षा, साइबर, रक्षा-सुरक्षा, सुरक्षित संचार-सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर रक्षा औद्योगिक साझेदारी और सहयोग को और अधिक गहराई दी जाएगी।

-गुजरात के वादिनार में जहाज मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने के लिए कोचीन शिपयार्ड और दुबई के ड्राइडॉक्स वर्ल्ड के बीच एक एमओयू हुआ है।

-जहाजों की मरम्मत को लेकर सीएसएल, डीडब्ल्यूडी और सीईएमएस के बीच कौशल विकास को लेकर एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

-सीडैक, इंडिया, जी-42 और यूएई के बीच 8वें एक्साफ्लॉप सुपर कंप्यूटिंग क्लस्टर की स्थापना को लेकर टर्म शीट पर सहमति बनी है।

### पीएम ने की हमलों ...

सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में जिस संयम, साहस का परिचय यूएई के राष्ट्रपति ने दिया है। वह बेहद सराहनीय है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए आपके नेतृत्व द्वारा उठाए गए कदमों का भारत अभिनंदन करता है।

### बातचीत-कूटनीति से ...

बढ़ गया है। आने वाले समय में हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे। इस साल जनवरी महीने में की गई आपकी भारत यात्रा के दौरान हमने आपसी सहयोग को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सहमति जताई थी। कम समय में भी हमने सभी विषयों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### पहले कतर से पूरी ...

साथ हुई बातचीत को सोशल मीडिया पर साझा किया है। यात्रा के समापन पर उन्हें राष्ट्रपति नाहयान ने हवाईअड्डे पर खासतौर पर पहुंचकर विदा किया। पीएम ने कहा, यूएई के लिए एक छोटी लेकिन फलदायी यात्रा का समापन हुआ। जहां मेरे भाई, राष्ट्रपति नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के उपायों पर विस्तृत चर्चाएं की गई हैं। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा के परिणामस्वरूप हमारे बीच मैत्री के संबंध और मजबूत होंगे। जो हमारे विकास-समृद्धि को प्राप्त करने में योगदान देंगे।

### अगले साल से ...

है। जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने मीडिया ब्रीफिंग के माध्यम से इस मामले में पहली बार आधिकारिक रूप से मीडिया से विस्तार से बातचीत की है। जबकि इसके पूर्व में उन्होंने बीते गुरुवार देर रात राजधानी स्थित अपने आवास पर मंत्रालय और उसके अन्य संबंधित विभागों के उच्च-अधिकारियों के साथ एक बैठक कर मामले का व्यापक रूप से आकलन किया था।

**मामले की ली जिम्मेदारी, छात्रों का अहित नहीं होगा** : ब्रीफिंग में उन्होंने इस बात को भी स्वीकार किया कि परीक्षा प्रक्रिया में कहीं न कहीं रह गई खामी की वजह से चूक हुई और यह समस्या खड़ी हुई है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार लेती है। साथ ही यह वादा भी करती है कि हम इसमें सुधार करेंगे। ज्ञात हो कि 2024 में भी नीट परीक्षा को लेकर कुछ ऐसा ही विवाद खड़ा हुआ था। तब मंत्रालय ने इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ.के.राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया था। उनके द्वारा की गई सिफारिशों के क्रियान्वयन को लेकर विचार जारी है। प्रधान ने कहा, पेपर लीक को लेकर केंद्र भी बेहद चिंतित है। परीक्षा को रद्द कर हमें भी कठोर निर्णय लेना पड़ा है। लेकिन अब मामले की जांच देश की सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद जांच एजेंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। जिसकी रिपोर्ट सामने आने के बाद दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यूं खुला पेपर लीक का मामला:** शिक्षा मंत्री ने बताया कि 3 मई को नीट की परीक्षा हुई थी। उसके कुछ दिन बाद 7 मई को हमें यह पता चला कि परीक्षा में गेस पेपर वाले सवाल भी आए थे। मामले को तुरंत जांच एजेंसियों को सौंपकर प्रारंभिक जांच शुरू की। 8 मई को जांच के संबंध में जानकारी मिलने के बाद हमने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दिया था। लगभग तीन से चार दिन में हमारे सामने यह स्पष्टता आ गई थी कि गेस पेपर की आड़ में ही पेपर लीक का यह पूरा खेल खेला गया है और नीट परीक्षा से जुड़े हुए प्रश्न बाहर आए हैं। लेकिन परीक्षा को रद्द करने का हमारा यह निर्णय परिश्रम करने वाले प्रतिभावान छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए लिया गया है। जिससे शिक्षा क्षेत्र में फैले माफियाओं के हौसले पस्त होंगे और अंततः उनकी हार होगी। सरकार नहीं चाहती कि पेपर लीक की वजह से किसी गलत छात्र को परिश्रमी और मेधावी छात्रों की जगह पर मौका मिले और वह बैठ-बिठाए उनका हक छीन ले। अब इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जो किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेगी और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने शिक्षा माफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि वो आने वाली परीक्षा से दूर रहें। वरना उन्हें बड़ी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सरकार को अच्छे से पता है कि किस राज्य में कौन सा दलाल एक्टिव है?

**छात्रों पर नहीं पड़ेगा आर्थिक बोझ:** उन्होंने कहा कि मुझे एनटीए का नेतृत्व करने वाले लोगों की क्षमता पर कोई शक नहीं है। वर्तमान में यह जिम्मेदारी एक योग्य व्यक्ति के हाथों में है। इस एजेंसी का गठन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद किया गया था। 21 जून को फिर से होने वाली नीट परीक्षा को लेकर छात्रों पर कोई वित्तीय बोझ नहीं डाला जाएगा। एनटीए इस बाबत उनसे कोई अतिरिक्त फीस नहीं लेगी। बल्कि परीक्षा का पूरा खर्च एजेंसी द्वारा ही वहन किया जाएगा। परीक्षा के दौरान छात्रों के कपड़े, जूते आदि उतरवाने के बावजूद पेपर लीक हो जाने जैसे एक प्रश्न के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छात्रों को कोई परेशानी न हो। उसके लिए हम काम करेंगे। इस ओर भी हमारा ध्यान है।

**छात्रों को मिलेगा पसंदीदा सेंटर** : शिक्षा मंत्री ने बताया कि 21 जून (रविवार) को होने वाली परीक्षा दोपहर 2 बजे से लेकर सवा पांच बजे तक यानी 5.15 मिनट तक होगी। 14 जून तक छात्रों को एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। इस बार परीक्षा में छात्रों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। इसके अलावा एनटीए छात्रों को परीक्षा के लिए उनके पसंदीदा शहर को चुनने का अवसर भी प्रदान करेगी। जिसके लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। पेपर लीक की समस्या पर स्थायी रूप से विराम लगाने के लिए सरकार अगले साल से इसका आयोजन कंप्युटर बेस्ड टेस्ट के जरिए ऑनलाइन करेगी। इस वर्ष रद्द हुई नीट परीक्षा देश के 551 शहरों के 5432 केंद्रों पर हुई थी। जिसमें 22.5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था।

**दो साल में होगा एनटीए का कायाकल्प:** उन्होंने कहा कि एनटीए में सुधार की आवश्यकता है। इस तथ्य से कोई इंकार नहीं कर सकता है। सीबीआई की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अगले दो साल में एजेंसी में बड़े बदलाव किए जाएंगे। एनटीए के पूरे सिस्टम में सुधार होगा। पूर्व में 2024 में भी नीट प्रवेश परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी। प्रधान ने कहा कि साइबर चुनौती भी बढ़ रही है। वर्तमान में 120 टेलीग्राम चैनल एक्टिव थे। जो आज एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर रहे हैं। हर किसी पर निगरानी बनाए रखना बड़ा मुश्किल होता है। क्योंकि कई बार आपको यह पता नहीं होता है कि कौन क्या प्रचारित, प्रसारित कर रहा है? लेकिन जो कोई भी पेपर लीक में संलिप्त पाया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**प्रधान के घर पर हुई हाई प्रोफाइल बैठक:** यहां बता दें कि बीते 14 मई की देर रात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर मामले पर एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई थी। जिसमें परीक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई है। बैठक में मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अध्यक्ष राहुल सिंह, केंद्रीय विद्यालय संगठन के कमिश्नर विकास गुप्ता और नवोदय विद्यालय समिति के प्रशासनिक प्रमुख सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### छात्रो के सपनों को ...

2026 के आखिरी सप्ताह में कुलकर्णी ने गिरफ्तार आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को इकट्ठा किया। इसके बाद अपने घर पर विशेष क्लास लगाकर उसने प्रश्न, विकल्प और सही उत्तर बताए। छात्रों ने इन्हें अपनी कॉपियों में लिखा और बाद में वही सवाल 3 मई को हुई नीट परीक्षा में हूबहू मिले।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक बरामद नोटबुक और असली प्रश्नपत्र का मिलान होने के बाद एजेंसी को पुख्ता सबूत मिले। लंबी पूछताछ के बाद कुलकर्णी को पुणे से गिरफ्तार किया गया। वह मूल रूप से महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है।

मामले में सीबीआई ने पिछले 24 घंटे के दौरान देशभर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इनकी फॉरेंसिक जांच जारी है।

गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की शिकायत पर सीबीआई ने 12 मई को केस दर्ज किया था। इसके बाद जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर समेत कई शहरों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

अब तक कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें से 5 आरोपियों को अदालत ने सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दो अन्य आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा रहा है।

सीबीआई का कहना है कि जांच में अब पेपर लीक के असली नेटवर्क, बिचौलियों और उन लोगों की पहचान हो रही है जिन्होंने मोटी रकम लेकर छात्रों को कथित "स्पेशल क्लास" तक पहुंचाया। एजेंसी पूरे रैकेट की तह तक जाने में जुटी है।

### भूमि विवादों के समाधान ...

एसडीएम तथा तहसीलदार लक्ष्य निर्धारित कर भू-विवादों का समाधान करवाएं ताकि आमजन को राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग में परंपरागत तरीकों से अलग हटकर नई ऑनलाइन सेवाएं शुरू की जाएं ताकि आमजन को सभी सरकारी सेवाएं पारदर्शी व सरल तरीके से मिल सकें। उन्होंने कहा कि सभी नव-नियुक्त पटवारियों के लिए लैपटॉप व टेबलेट की खरीद की जाए और हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं ताकि सभी पटवारी डिजिटल माध्यम से सेवाएं दे सकें। पटवारियों को नई तकनीक व राजस्व कार्यों में पारंगत करने के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र भी खोला जाए।

### पेट्रोल-डीजल 3 रुपये...

दिल्ली में सीएनजी का नया दाम 79.09 रुपये प्रति किलो हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद में यह 87.70 रुपये, जबकि गुरुग्राम में 84.12 रुपये प्रति किलो बिकेगी। केंद्र सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और पश्चिम एशिया संघर्ष को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि दुनिया के कई देशों में ईंधन की कीमतों में 20 से 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, जबकि भारत में बढ़ोतरी सीमित रखी गई है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने लंबे समय तक घाटा सहकर उपभोक्ताओं को राहत देने की कोशिश की। मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार आर्थिक स्थिरता और जनकल्याण के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर रही है। हालांकि, लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों का असर परिवहन लागत, रोजमर्रा के सामान और घरेलू बजट पर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं, तो आने वाले दिनों में महंगाई पर और दबाव बढ़ सकता है।

### केंद्रीय मंत्री चौहान ने ....

ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्र सिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे और प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पीएमएवाई-जी के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रिकॉर्ड समय में 5 लाख आवास पूर्ण कर सुशासन, संवेदनशीलता और परिणामोन्मुख प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। चौहान ने महाराष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 हेतु 8,368.50 करोड़ रु. की केंद्रीय अंश सहायता जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में ग्रामीण गरीबों के आवास निर्माण अभियान को और तेज करेगी तथा बेघर-मुक्त ग्रामीण महाराष्ट्र के संकल्प को मजबूत आधार देगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन पात्र परिवारों का नाम अब तक छूट गया है, उनके लिए भी रास्ता खुला है और सर्वे तथा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यकतानुसार और आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि बिजली, जल, स्वच्छता और सम्मानपूर्ण जीवन के साथ समग्र ग्रामीण जीवन-स्तर को ऊंचा उठाना है। शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-**IV** के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए 122.98 करोड़ रु. की लागत वाली 35 सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री फडणवीस को सौंपी। 95.99 किलोमीटर लंबाई की इन परियोजनाओं से राज्य की 35 ग्रामीण बसावटों को लाभ मिलेगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच अधिक सुगम होगी।

शिवराज सिंह चौहान ने 'महा आवास अभियान' के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों, इकाइयों और अधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री फडणवीस के साथ सम्मानित करते हुए कहा कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण का भाव साथ आता है, तब विकास अभियान जनआंदोलन बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने ग्रामीण आवास के क्षेत्र में जिस गति और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, वह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरक है।


### सुरजेवाला ने कहा-...

हुए यह भी पूछा कि जब मोदी सरकार खुद पिछले सात महीनों में 85.88 मीट्रिक टन सोना खरीद चुकी है, तो आम लोगों को सोना न खरीदने की सलाह क्यों दी जा रही है?

**पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों पर बोला हमला:** सुरजेवाला ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2014 से 2025 के बीच मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर भारी एक्साइज ड्यूटी लगाकर जनता से 43 लाख करोड़ रुपये वसूले हैं, जो लगभग 1,000 करोड़ रुपये प्रतिदिन बैठते हैं। उन्होंने बताया कि 2014 में कांग्रेस की सरकार के समय पेट्रोल का दाम 71.41 रुपये प्रति लीटर था, जो अब दिल्ली में 97.77 रुपये तक पहुंच गया है, डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2014 में कच्चे तेल की कीमत औसतन 100-108 डॉलर प्रति बैरल थी और पश्चिम एशिया युद्ध के समय को छोड़कर मोदी सरकार के कार्यकाल में कच्चे तेल के दाम औसतन 70 डॉलर प्रति बैरल रहे हैं; इस हिसाब से देश में पेट्रोल 61.60 रुपये और डीजल 56.99 रुपये प्रति लीटर मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी घटाने का भी जनता को कोई फायदा नहीं मिला, इसका पूरा फायदा सिर्फ तेल कंपनियों की जेब में गया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें न बढ़ाने का झूठा दावा करती है और चुनाव खत्म होते ही दाम बढ़ा दिए जाते हैं।

### 8 सालों में 18 लाख छोटे ...

बताया। स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में पत्रकार वार्ता करते हुए सुरजेवाला ने बताया कि आभूषण क्षेत्र भारत की जीडीपी में लगभग 7 प्रतिशत योगदान देता है और देश के कुल व्यापारिक निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 12 प्रतिशत है।




## माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

लाइफ Style

# आरती

## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड एज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।



हॉलीवुड मसाला




## द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैनः पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



## बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशोल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



## रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा


**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




## गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

टीवी मसाला



## ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

### अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

## अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

## इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

### मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

### ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

# इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने ठगी के मामले में एक को दबोचा

**फरीदाबाद।** होटल बुकिंग के नाम पर 1,71,949 रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने ठगी के लिये सिम व फोन उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को 14 मई को डीग राजस्थान गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान जावेद जिला डीग राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जावेद ने ठगी में प्रयोग हुई सिम व फोन उपलब्ध करवाया था। वह बेरोजगार व 8वीं पास है।



### अवैध हथियार रखने वाले तीन काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देसी कट्टे बरामद किये हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 मई को क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पंकज निवासी बापू नगर सेक्टर-58 फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित गौच्छी एरिया से गिरफ्तार किया है।



### रविंद्र त्यागी ने संभाला बीएआई के राष्ट्रीय



**गाजियाबाद।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने बिल्डर्स एसोसिएशन के ग्रीन पार्क दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंचकर अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। कार्यालय के अधिशाषी अधिकारी संजय चौधरी व श्रीमती लता वैद्य द्वारा भारतीय परंपरा अनुसार तिलक लगाकर तथा पुष्प अर्पित कर समस्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर लाल चंद शर्मा, सुधीर त्यागी, सुनील गर्ग, सतीश कसाना, विपिन कुमार बाबी, विजय बंसल आदि।

## उड़न दस्ता ने औचक निरीक्षण किया

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने ड्रग कंट्रोल अधिकारी के साथ फूड सप्लीमेंट स्टोर पर चेकिंग कर स्ट्रेराइड दवाओं को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की नंगला एनक्लेव पार्ट-2 में सोनू गोयल द्वारा शैली न्यूट्रिशन नाम से फूड सप्लीमेंट स्टोर खोला हुआ है। जहां पर न्यूट्रिशन फूड सप्लीमेंट की आड़ में स्ट्रेराइड दवाइयां भी बेची जाती हैं। जिससे नौजवान युवकों की सेहत खराब हो रही हैं। यदि संबंधित विभाग के साथ अचानक चेकिंग की जाए तो काफी अनियमितताए सामने आ सकती हैं।

इस सूचना के संबंध में कार्यवाही कराने के लिए मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा ड्रग कंट्रोल ऑफिसर फरीदाबाद को सूचित किया गया। जिस पर डीसीओ प्रवीण राठी फरीदाबाद की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ शैली न्यूट्रिशन नंगला पार्ट-2 पर्वतीय कॉलोनी फरीदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर दुकान में शैली न्यूट्रिशन संचालक सुरेंद्र उर्फ सोनू गोयल हाजिर मिला जिससे पूरे मामले की जानकारी देकर दुकान का निरीक्षण किया गया। सोनू से निरीक्षण के दौरान वैध लाइसेंस पेश करने के बारे कहा लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नही कर सका। दुकान में अलग-अलग कंपनी के फूड सप्लीमेंट के साथ-साथ काफी अंग्रेजी दवाइयां भी रखनी पाई गई।



### 115 प्रकार की अंग्रेजी दवाओं की सूची तैयार की गई

निरीक्षण के दौरान दुकान व गोदाम में मिली कुल 115 प्रकार की अंग्रेजी दवाओं की सूची तैयार की गई व जिनमें से 90 अलग-अलग प्रकार की स्ट्रेराइड टेबलेट व इंजेक्शन रखने पाए गए। इस प्रकार शैली न्यूट्रिशन के संचालक द्वारा बिना वैध अनुमति के अंग्रेजी एलोपैथी व स्ट्रेराइड दवाओं को रखना व बेचना पाया गया। जिस पर डीसीओ प्रवीण राठी फरीदाबाद द्वारा सभी 115 प्रकार की दवाओं की सूची तैयार की व मौका पर मिली दवाओं 2 अलग-अलग गत्ता पेटी में रखकर सील किया गया। डीसीओ द्वारा इन दवाओं को मौका पर जब्त किया गया व फूड सप्लीमेंट संचालक सोनू गोयल के विरुद्ध मामला दायर करके नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी ने डीएलसी को सौंपा ज्ञापन

# फरीदाबाद की कंपनियों में लाखों मजदूरों का हो रहा शोषणः अभिषेक गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी के नाम से मशहूर फरीदाबाद में कंपनियों के लाखों मजदूरों का जमकर शोषण किया जा रहा है। वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर औद्योगिक नगरी में रोजाना किसी न किसी कंपनी के बाहर श्रमिक आंदोलन हो रहा है। इसी मामले को लेकर आज युवा अनशनकारी अभिषेक गोस्वामी ने अपनी टीम के साथ सैक्टर-12 स्थित डीएलसी ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन कर डीएलसी के नाम ज्ञापन उनके सहायक सचिव को सौंपा।

ज्ञापन में अभिषेक गोस्वामी ने कहा कि फरीदाबाद क्षेत्र की कई निजी कंपनियों, फैक्ट्रियों में श्रमिकों एवं कर्मचारियों के साथ श्रम कानूनों के विरुद्ध विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं बरती जा रही हैं। इन अनियमितताओं के कारण कर्मचारियों को मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री गोस्वामी ने बताया कि कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रेणी अनुसार उचित वेतन और वेतनपर्ची नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों से निर्धारित समय से अधिक जबरन ओवरटाइम कराया जाता हैख लेकिन उसका दोगना भुगतान नहीं किया जाता। कई कंपनियों में सुरक्षा उपकरण एवं सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाऐ होती रहती है। महिला कर्मचारियों के लिए क्रेच रूम, ड्रेस बदलने और पैड मशीन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कर्मचारियों को बोनस, छुट्टियां, ईएसआई, पीएफ तथा अन्य कानूनी सुविधाएं समय पर नहीं दी जा रही हैं। श्रमिकों पर अनावश्यक दबाव बनाकर उनका शोषण किया जा रहा है। कई स्थानों पर अग्निशामक यन्त्र, फस्ट एड बॉक्स एव दवाईयां, साफ-सफाई, पीने के पानी एवं शौचालय और सालाना स्वास्थ चेकअप जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। श्री गोस्वामी ने कहा कि यहां तक की श्रम विभाग कार्यालय में पहली, दूसरी व तीसरी मंजिल पर आने-जाने के लिए चार-चार लिफ्टें लगा हुई है। लेकिन यह लिफ्टे पिछले कई वर्षो से खराब पड़ी है। जिससे श्रम विभाग कार्यालय में आने-जाने वाले बड़े-बुजुर्गों को पहली, दूसरी व तीसरी मंजिल पर चढ़ने-उतरने में परेशानी हो रही है। वहीं लिफ्ट खराब होने के चलते कपड़ा कालोनी निवासी शिकायतकर्ता एक गर्भवती महिला को सीढ़ी चढ़ने उतरने के चलते मिसकैरेज होते-होते बचा। उन्होंने मांग की है कि कार्यालय की लिफ्टों को ठीक करवाया जाए।



## हरियाणा विधानसभा की विभिन्न समितियों का गठन

# शहरी स्थानीय निकाय कमेटी एवं पंचायती राज के चेयरमैन बने विधायक पं.मूलचंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण द्वारा विधानसभा की विभिन्न विषय समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों में हरियाणा के कई विधायकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

गठित समितियों में शहरी स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं संबंधी विषय समिति की अध्यक्षता बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को सौंपी गई है। इस समिति में विधायक घनश्याम सर्राफ, राम कुमार कश्यप, प्रमोद कुमार विज, भरत सिंह बेनीवाल, रणबीर तेवतिया, मुकेश शर्मा, गोकुल सेतिया और राजेश जून को सदस्य बनाया गया है। यह समिति प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े विषयों की समीक्षा और निगरानी का कार्य करेगी।

# विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतीश फागना ने समस्या सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विधायक सतीश फागना ने आज आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड नंबर.6 स्थित पर्वतीय कॉलोनी जलघर बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचकर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी विभिन्न जनसमस्याओं से विधायक को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने मुख्य रूप से सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सडक़ों की मरम्मत, प्रॉपर्टी टैक्स तथा प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक सतीश फागना ने मौके पर उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी कराया गया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत महसूस की। विधायक सतीश फागना ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य भी यही है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और मौके पर ही उनकी शिकायतों का निवारण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर वार्ड-6 की पार्षद गायत्री देवी, नगर निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक सतीश फागना का फूल-मालाओं से स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं को सुनने व समाधान कराने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पार्षद गायत्री देवी, पार्षद महेश लोहिया, पार्षद नीरज भाटिया तथा सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूंटिंग बॉल चैंपियनशिप सम्पन्न

# यूपी ने गुजरात को हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

45वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूंटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन एन.टी.आर. स्टेडियम महबूबाबाद, तेलंगाना में किया गया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को 21 -18 ,17- 21, 21- 19 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीता। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने पहला, गुजरात ने दूसरा तथा पश्चिम बंगाल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में हरियाणा ने राजस्थान को 21 -15, 16 -21, 22 -20 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान दूसरे तथा महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहे । उत्तर प्रदेश के आर्यन मिश्रा को बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। बालिका वर्ग में हरियाणा की खिलाड़ी सुमित को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश टीम के राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजूल अग्रवाल, महासचिव जीत राज तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अजय पाल प्रमुख ,महासचिव तारकेश्वर सिंह आदि।

## अनावश्यक रूप से निजी वाहनों का उपयोग करने से बचे

# पीएम की अपील का असर-गाजियाबाद के जिलाधिकारी दोपहिया से पहुंचे कलक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिलाधिकारी रविंद्र मॉंदड़ शुक्रवार को दो पहले दोपहिया वाहन से कलक्ट्रेट पहुंचे और इसके बाद प्रेस वार्ता में लोगों से अनावश्यक रूप से निजी वाहनों का उपयोग करने से बचने और अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की अपील की। जिलाधिकारी के इस कदम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर बताया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से कहा कि वे ईंधन की बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय हित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों पर बढ़ते दबाव और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह ईंधन के संयमित उपयोग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर बड़े स्तर पर ऊर्जा संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि लोग कम दूरी के लिए पैदल चलने, साइकिल चलाने या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की आदत विकसित करें, तो न केवल पेट्रोल और डीजल की खपत में कमी आएगी, बल्कि यातायात दबाव और वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी होगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आम नागरिकों की आर्थिक बचत भी होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की दिशा में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन का उद्देश्य केवल अपील करना नहीं, बल्कि लोगों में जागरूकता पैदा करना है ताकि ईंधन बचत को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके।



## आज से शुरू उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति के लिए सदस्यता रजिस्ट्रेशन

# सांस्कृतिक एवं उत्तराखंड समाज के प्रमुख त्योहारों के लिए निःशुल्क होगा उत्तरांचल भवनः नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम उत्तरांचल भवन संचालन के लिए उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति का गठन किया गया है। जिसमें सदस्य बनाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा रहा है। आज शनिवार को उत्तरांचल भवन में ही प्रातः 9:00 बजे बैठक आयोजन किया जा रहा है जिसमें विशेष रूप से उत्तरांचल समाज के लोगों से, उत्तरांचल समाज की समितियां से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सदस्य बनने के लिए अपील की जा रही है। निर्धारित शुल्क जमा करने के साथ-साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी, आजीवन सदस्य के लिए 11000 सदस्यता शुल्क, विशेष सदस्य 5 वर्ष के लिए होंगे जिसमें 5100 सदस्यता शुल्क, सामान्य सदस्य एक वर्ष के लिए होंगे जिनके लिए 2100 सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है, सदस्य बनने पर पांच लाभ मिलेंगे जिसमें कार्यकारिणी के चुनाव में प्रतिभाग करने का अधिकार होगा, रिजर्व रेट पर बुकिंग मिलेगी, भवन की बुकिंग एवं दैनिक रोजमर्रा के कार्यों में सहभागिता रहेगी, भवन की बुकिंग में भी वरीयता रहेगी, उत्तरांचल भवन को प्रमुख त्योहार हेतु भवन को समाज के लोगों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति के रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही प्रारंभ हो रही है जिसमें अभी तक को अपना रजिस्ट्रेशन करने के लिए अपना आधार कार्ड देना होगा साथ ही नॉर्मल फॉर्म भरते हुए जानकारी देनी होगी, सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए बारकोड के माध्यम से तथा ऑफलाइन सुविधा भी दी गई है, ऑफलाइन के माध्यम से सदस्यता शुल्क का भुगतान करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के चतुर्थ फ्लोर पर कमरा नंबर तीन में संपर्क करते हुए राशिद प्राप्त की जा सकती है । गाजियाबाद नगर निगम उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति के नाम से स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया नवयुग मार्केट गाजियाबाद में खोले गए खाता संख्या 43771101412, IFSC कोड SBIN0000642 ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क जमा कराकर सदस्यता प्राप्त किया जा सकता है।

## लोगों की बढ़ती उम्र के साथ बदल रही रिटायरमेंट प्लानिंग

# एक्सपर्ट बोले- सिर्फ बचत नहीं, जीवनभर चलने वाली नियमित आय पर करें फोकस

**गुरुग्राम।** देश में लोगों की औसत उम्र बढ़ने के साथ रिटायरमेंट प्लानिंग का नजरिया भी बदल रहा है। आज 30 साल का एक प्रोफेशनल आसानी से 80 साल या उससे अधिक उम्र तक जी सकता है। ऐसे में रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी लगभग 25-30 साल की होगी। फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह जीवन की दूसरी पारी है, जिसके लिए सिर्फ बचत नहीं बल्कि जीवनभर चलने वाली नियमित आय की तैयारी जरूरी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार भारत में हेल्थकेयर खर्च महंगाई से भी तेज बढ़ रहा है।

# वकील अदालतों के लिए होते हैं विभागों के लिए नहीं : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** जिला अदालतों में अभियोजन पक्ष के वकीलों की भारी कमी के बीच सरकारी वकीलों की सरकारी विभागों में गैर न्यायिक कार्यों के लिए प्रतिनियुक्ति के मामले को गंभीरता से लेते हुए पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि वकील अदालतों के लिए होते हैं विभागों के लिए नहीं। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए 285 जिला अटॉर्नी, डिप्टी जिला अटॉर्नी और सहायक जिला अटॉर्नी को तत्काल प्रभाव से वापस बुलाकर एक सप्ताह में जिला अदालतों में तैनात किया जाए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि जिला अदालतें कानून अधिकारियों की भारी कमी से जूझ रही हैं, जिससे आपराधिक मामलों की सुनवाई और ट्रायल बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

## निगम आयुक्त ने बनी सहमति पर कर्मचारियों को दी बधाई

आयुक्त ने सभी प्रतिनिधि मंडल से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की

# हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा से मिलकर 111 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को संघ और सरकार के बीच वार्ता में हुए समझौते के अनुरूप दिनांक 30 जून 2026 तक पक्का करने की बात इस फैसले में कोर्ट केस से वंचित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी मिलेगा लाभ।

इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल तथा मुख्य अभियंता विवेक गिल भी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने नगर निगम फरीदाबाद के अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल को दिए आदेश की 15 दिन के अंदर सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के केस पर काम करें और सभी पात्र कर्मचारियों को नियमितीकरण का पत्र दें।
निगम आयुक्त ने संघ के प्रतिनिधि मंडल से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की संघ के नेताओं ने आयुक्त श्री खडग़टा को आश्वासन दिया कि फरीदाबाद का एक-एक सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर करेगा, शहर के स्वच्छता अभियान में निभायेगा अग्रणी भूमिका।
आयुक्त ने कर्मचारी यूनियन को हरियाणा सरकार के साथ बनी सहमति पर कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा गया कि यह आपसी संवाद और समझ का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निगम के कर्मचारी हमेशा की तरह शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण से ही शहर की सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से चलती है और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल पाती हैं।
इस दौरान राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने निगम आयुक्त को सरकार के साथ हुई बातचीत के बाद हड़ताल समाप्त होने से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया।



## जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी

# भाजपा अध्यक्ष नवीन से मिले सीएम नायब सैनी, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने संगठन और राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की। सीएम सैनी ने एक्स पर लिखा 'आज नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट कर पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी सहित विभिन्न विधानसभा एवं हरियाणा नगर निकाय चुनावों में पार्टी की शानदार विजय पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह जीत देशभर के कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूत विचारधारा और जनता के विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनात्मक और समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।



## चिंतन

# यह महंगाई की शुरुआत लग सकते हैं और झटके

दुनिया के हालातों को देखते हुए समय कठिन है। ऐसे में सरकार भी कुछ चुभने वाले कठिन फैसले ले रही है। ये आम आदमी की नजर में पीड़ादायक हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के हालातों पर नजर डालें तो यह फैसला राहत देने वाला है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। यह बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर पूरे आर्थिक ढांचे पर पड़ता है। मालभाड़ा बढ़ने से खाद्य पदार्थों, सब्जियों, दवाइयों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम भी बढ़ने लगते हैं। यही कारण है कि लोग इसे महंगाई की नई शुरुआत मान रहे हैं। दरअसल, मौजूदा संकट केवल घरेलू नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से जुड़ा हुआ है। खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालातों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति और कीमत दोनों को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मामूली उछाल भी सीधे देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। यही वजह है कि सरकार को कई बार ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं जो अलोकप्रिय तो दिखते हैं, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी माने जाते हैं। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा। मालभाड़ा बढ़ने से रोजमर्रा की सभी चीजें महंगी होंगी। खाड़ी के हालात जल्दी सुधरते नजर नहीं आ रहे। विश्लेषकों का मानना है कि यह महंगाई की शुरुआत है। लोगों को अभी और झटके सहने के लिए तैयार रहना चाहिए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तेल और गैस पर समझौते के लिए यूएई और नॉर्वे समेत नॉर्डिक देशों के दौरे पर हैं। उम्मीद है कि वहां से अच्छी खबर मिलेगी। भारत नए ऊर्जा साझेदारों की तलाश कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम की जा सके। हालांकि आम नागरिक के लिए यह तर्क उतना राहत देने वाला नहीं है, क्योंकि मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए रसोई का बजट संभालना कठिन हो जाता है। निजी वाहन चलाना महंगा पड़ता है, सार्वजनिक परिवहन का किराया बढ़ता है और छोटे व्यापारियों की लागत भी बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों के भीतर असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह भी समझना होगा कि कई बार सरकारों के पास विकल्प सीमित होते हैं। यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ेगा। भले ही युद्ध जल्द समाप्त हो जाए, लेकिन आपूर्ति तंत्र को सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। इसलिए मौजूदा समय को एक तरह से "न्यू नॉर्मल" के रूप में देखने की जरूरत है, जहां वैश्विक अस्थिरता का असर सीधे आम जीवन पर दिखाई देगा। इतिहास गवाह है कि हर आर्थिक संकट स्थायी नहीं होता। दुनिया ने महामारी, युद्ध और मंदी जैसे कई कठिन दौर देखे हैं और उनसे बाहर भी निकली है। भारत जैसी मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में भी चुनौतियों से निपटने की क्षमता मौजूद है। जरूरत धैर्य, संतुलित नीतियों और सामूहिक सहयोग की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि वैश्विक हालात जल्द सुधरेंगे, ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होगी और महंगाई का दबाव धीरे-धीरे कम होगा। महंगाई की यह आहट आने वाले कठिन दौर का संकेत जरूर है, लेकिन यदि सरकार दूरदर्शिता और जनता संयम के साथ काम करे, तो यह कोहरा भी एक दिन छंट जाएगा और अर्थव्यवस्था फिर से स्थिरता की राह पर लौटेगी।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती महंगाई और घटती विकास दर

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो, मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें। देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढ़ने पर अब नीतिगत रेपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि घटती हुई विकास दर के बीच भी भारत की कई आर्थिक अनुकूलताएं भी दिखाई दे रही हैं। भारत लगातार व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। राजनीतिक स्थिरता के परिदृश्य से भारत पर दुनिया का आर्थिक भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब भारत में देशी-विदेशी निवेश बढ़ने के साथ विदेश व्यापार और सेवा निर्यात का ग्राफ भी बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा। इस समय भारत के द्वारा विकास दर की चुनौती का सामना करने के लिए एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को कम या शून्य का लाभ देने के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने के मद्देनजर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय दुनिया में आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई है। पहले अधिकांश अंतरराष्ट्रीय आर्थिक-व्यापारिक टिप्पणियों में कहा जाता था कि भारत ने मौका गंवा दिया, लेकिन अब दुनिया भर के देशों का मानना है कि अगर वे आर्थिक रूप से तेजी से बढ़ते हुए भारत के साथ नहीं जुड़ पाए तो वे महत्वपूर्ण मौका गंवा देंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में पिछले दिनों भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) सुनिश्चित की गई है। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क



समाप्त करेगा या कम करेगा। इस एफटीए से अगले 5 वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर के एफडीआई की प्रतिबद्धता भी जताई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। ये दोनों एफटीए भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने वाले साबित हो सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए एफटीए का क्रियान्वयन भी भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद होगा। इस एफटीए से दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इस समय मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। यह बात ध्यान रखनी होगी कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में जल्दबाजी न की जाए। भारत को अमेरिका के अधिक स्थिर और कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार प्रणाली विकसित करने तक अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर अंतिम फैसले को लेकर इंतजार करना चाहिए। यह बात अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि भारत के द्वारा जितनी कुशलता से व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया जाएगा, उतने ही अधिक भारत से निर्यात बढ़ सकेंगे। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करना होगा। पिछले दिनों उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव ने कहा कि नीतिगत सुधारों और आपूर्ति श्रृंखला में बदलावों की मदद से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आंकड़ा 90 अरब डॉलर के पार जा सकता है। ज्ञातव्य है कि 9 मई को उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक्ष व्यापार विभाग (डीपीआइआइटी) के अधीन काम करने वाली एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने कहा कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के 10 प्रमुख क्षेत्रों में 45 अरब डॉलर के निवेश करने के इच्छुक हैं। ऐसी संभावनाओं को साकार करने के लिए भारत में बंदरगाह, एयरकार्गो, लॉजिस्टिक्स और अन्य निवेश सुविधाएं बेहतर बनाना होगी। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के बीच इस समय जब भारत की विकास दर घटते हुए दिखाई दे रही है, तब अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ कई बातों पर ध्यान देना होगा। अब अल्पकालिक वृद्धि के पीछे भागने के बजाय, भारत को मध्यम अवधि की राजकोषीय और बाह्य स्थिरता को सुरक्षित रखना होगा। लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। अब भारत का ध्यान सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर होना चाहिए। एआई जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश, मजबूत डिजिटल अधोसंरचना, और नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से आसान बनाना होगा, जो सीमाओं के पार सेवा निर्यात को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकें। इस बात की ओर भी ध्यान देना होगा कि भारत का जो निर्यात कुछ ही बाजारों और कुछ ही देशों तक सीमित है, उसे विभिन्न वस्तुओं और अधिक देशों तक विस्तारित किया जाए। इन सबके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी आने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। 15 मई को पेट्रोल- डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़ने के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण, नवीनीकरण ऊर्जा आदि को ध्यान में रखकर भारत दुनिया का और अधिक आर्थिक भरोसा बढ़ा सकेगा।

सियासत
योगेश कुमार सोनी



# आम आदमी पार्टी को पुनः स्थापित होने की जरूरत

बीते दिनों आम आदमी पार्टी में आए भूचाल से अंदरूनी खाने पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर पड़ी है। पार्टी के 7 राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। यह घटना आप के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। राज्यसभा में पार्टी के 10 में से केवल 3 सदस्य ही रह गए हैं। यह विषय एक बारगी देशभर में सुर्खियां बन गया था, लेकिन बीते दिनों पांच राज्यों के चुनाव में दब गया। अब फिर इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल शुरू हो गई है। मौजूदा स्थिति में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की नींव पूरी तरह हिल चुकी है। जैसा कि सब जानते हैं कि आप की सत्ता का रास्ता दिल्ली से निकला था, उसके बाद उसने देशभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी और पंजाब का भी किला फतह किया था। जिस स्तर से पार्टी की रफ्तार पकड़ी थी, उससे बहुत कुछ बड़ा हो रहा था और आगे भी भविष्य सुगम नजर आ रहा था, लेकिन भारतीय राजनीति के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि तीन तिहाई सांसद एक साथ दूसरी पार्टी में चले गए। कानून के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सांसद स्वेच्छा से अपनी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता छोड़ता है या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होता है तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है। 'स्वेच्छा से सदस्यता छोड़ने' का मतलब सिर्फ इस्तीफा देना ही नहीं, बल्कि दूसरी पार्टी जॉइन करना भी इसी कैटेगरी में आता है। दिल्ली के परिवेश में समझें तो दशकभर राजधानी में राज करके आज आम आदमी पार्टी विपक्ष का किरदार निभा रही है। अब आप की इस स्थिति के बाद जो सांसद विपक्ष में बैठकर पार्टी की आवाज उठाते थे, आज वो बीजेपी के समर्थन में बोल रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि पार्टी चाहे इस पर कुछ भी सफाई दे, लेकिन आंतरिक तौर पर स्थिति कमजोर पड़ गई। इससे अब दिल्ली की राह भी कठिन बन गई है। अगले साल पंजाब में भी विधानसभा चुनाव हैं, इसको भी लेकर पार्टी की चिंता बढ़ी हुई है। बागी सांसदों ने आप का साथ तो छोड़ा ही, लेकिन तुरंत बीजेपी भी ज्वाइन कर पार्टी के अस्तित्व को झकझोर कर रख दिया। इस वजह से जो पार्टी अपनी आक्रामक शैली से चुनाव लड़ने के लिए जानी जाती थी, आज वह बेहद कमजोर सी महसूस कर रही होगी। राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रमजीत साहनी संसद में रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते रहे हैं। अब यह सारी आवाजें विपरीत दिशा के साथ निकल रही हैं अर्थात जो सत्ता पक्ष के विपरीत मुखर होते थे, आज वह उनका ही समर्थन कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में ऐसी बगावत नई नहीं है लेकिन सवाल है कि जिस पार्टी को स्थापित हुए अभी डेढ़ दशक भी नहीं हुआ, उसके महत्वपूर्ण नेता आखिर दामन क्यों छोड़ते जा रहे हैं? राघव चड्ढा, संदीप पाठक तो पार्टी के शुरुआती दिनों से रणनीतिकार और संगठक रहे हैं। दोनों केजरीवाल के नजदीक भी माने जाते रहे। स्वाति मालीवाल का दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर कार्यक्षेत्र तो दिल्ली था पर, बीजेपी शासित राज्यों में हुए कथित महिला अत्याचारों की जांच के लिए भी वह पहुंचती थीं। अब वे भी बगावती हैं। बहरहाल, कई ऐसे मुद्दे हैं जो विधानसभा से ज्यादा लोकसभा में ज्यादा प्रभावी माने जाते हैं जिससे किसी भी राज्य की केन्द्रीय स्तर की समस्या या सुझाव को राष्ट्रीय स्तर समझा जाता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब आम आदमी पार्टी को बड़े नाम छोड़कर निकले हों। पार्टी के संस्थापकों में शामिल रहे योगेंद्र यादव और मशहूर वकील प्रशांत भूषण को शुरू में ही निकल गए थे। अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ रहीं पूर्व पुलिस अधिकारी किरण बेदी ने अलग राह चुनी। जेएनयू के प्रोफेसर रहे आनंद कुमार और कैलाश गहलोत समेत कई अलग हो गए। कुमार विश्वास ने पार्टी से दूर रहकर अपनी कवि रूप में पहचान बनाए रखना ही सही समझा। संजय सिंह ने पहले भी बागियों के कडे.शब्दों का प्रयोग किया था और इन सातों सांसदों ने पंजाब की पीठ में छुरा घोंपने जैसा काम किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे एक अच्छी सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं। इन सब प्रकरण के बाद दिल्ली की राह को लेकर विश्वास को बनाए रखने के लिए कितनी चुनौतियां सामने आ चुकी इसको केजरीवाल भलिभांति समझ तो रहे हैं लेकिन हालात को लेकर अब वो इससे कैसे निकलें इसकी रणनीति बेहद गंभीरता से बनानी होगी चूंकि दिल्ली में उनका वोट ऑफ प्रतिशत ठीक है। भले ही वो चुनाव हारे हो, समीकरणों के आधार पर यह तो तय हो जाता है कि अब पार्टी को पुनः स्थापित होने के लिए फिर से नई रणनीति की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की साख पर सवाल**

देश में हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में करीब 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इन विद्यार्थियों ने डॉक्टर बनने का सपना साकार करने के लिए वर्षों तक कठिन परिश्रम किया, घर-परिवार से दूर रहकर दिन-रात पढ़ाई की और अपने भविष्य को संवारने के लिए हरसंभव त्याग किया। लेकिन परीक्षा समाप्त होते ही पेपर लीक की खबरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जांच एजेंसियों के लगातार खुलासों से यह स्पष्ट हो गया कि प्रश्नपत्र बड़े पैमाने पर और सुनियोजित तरीके से लीक किए गए थे।

– **सांकेत जोशी**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# हंटा वायरस प्रभावित छह यात्री आस्ट्रेलिया पहुंचे

हंटा वायरस की चपेट में आए एक क्रूज जहाज के छह यात्री शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक पृथक-वास में रहना होगा। नीदरलैंड से इन्हें लेकर आया 'गल्फस्ट्रीम लॉन्ग-रेंज बिजनेस जेट' पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की राजधानी पर्थ के बाहर स्थित 'आरएएएफ बेस पियर्स' पर उतरा। यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को नजदीकी 'बुल्सब्रुक' पृथक-वास केंद्र में स्थानांतरित किया जाना था। ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि सरकार इस वायरस के प्रकोप से निपटने के लिए दुनिया के किसी भी हिस्से की तुलना में सबसे मजबूत पृथक-वास व्यवस्थाओं में से एक लागू करेगी। पांच ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के एक



नागरिक को इस केंद्र में तीन सप्ताह की पृथक-वास अवधि बितानी होगी। बटलर ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार इस वायरस के लक्षण सामने आने में 42 दिन तक का समय लग सकता है। इसलिए, तीन सप्ताह के पृथक-वास के बाद शेष दिनों के दौरान क्या सावधानियां बरती जाएं, इस पर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, नीदरलैंड से रवाना होने से पहले इन सभी छह यात्रियों की वायरस जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी और किसी में भी इसके लक्षण नहीं दिखे थे।

## ऑफ बीट

# अब वेबसाइटें बार-बार क्यों मांगती है कैप्चा

आप किसी लोकप्रिय संगीत कार्यक्रम के टिकट बुक करने की कोशिश कर रहे हैं और लिंक पर क्लिक करते ही भुगतान से पहले आपसे छोटे-छोटे धुंधले



चित्रों के समूह में ट्रैफिक लाइट, साइकिल या ज़ेब्रा क्रॉसिंग पहचानने को कहा जाता है। बहुत से लोगों के लिए यह अब रोजमर्रा की ऑनलाइन जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। वित्तीय ऐप में लॉग इन करना, ऑनलाइन खरीदारी करना या नया खाता बनाना अब अक्सर ''यह साबित करने'' से जुड़ गया है कि आप मानव हैं। इन प्रणालियों को 'कैप्चा' (सीएपीटीसीएचए) कहा जाता है। सवाल यह है कि ये अब हर जगह क्यों दिखाई देने लगी हैं? इसका सीधा जवाब यह है कि वेबसाइटें अब बॉट्स के खिलाफ तेजी से बढ़ती जंग लड़ रही हैं। बॉट ऐसे स्वचालित सॉफ्टवेयर होते हैं जो इंटरनेट पर मनुष्यों जैसा व्यवहार करने की कोशिश करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में प्रगति के कारण ये बॉट अब पहले से कहीं अधिक स्मार्ट, सस्ते और पहचान में मुश्किल हो गए हैं। वेबसाइटों को क्यों चाहिए यह सबूत कि आप मानव हैं: आज इंटरनेट पर होने वाले भारी ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा स्वचालित प्रणालियों से संबद्ध है। इनमें कुछ उपयोगी होते हैं, जैसे गूगल सर्च के लिए पेजों को सूचीबद्ध करने वाले सर्च इंजन क्रॉलर।

## ट्रेंड

### ज्ञान जीवन की पूंजी



ज्ञान जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। ज्ञान हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर सफलता और आत्मविश्वास की ओर ले जाता है। विद्वान की विश्व में प्रशंसा होती है, विद्वान का सर्वत्र सम्मान होता है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### सुखदेव की जयंती



अमर क्रांतिकारी सुखदेव की जयंती पर मैं उन्हें नमन अर्पित करता हू। अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान के प्रतीक सुखदेव ने अपना पूरा जीवन मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया, स्वतंत्रता को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया।
- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### डॉ. केतन को नमन



गोवा से हमारे युवा कांग्रेस नेता डॉ. केतन भाटिकर के असामयिक निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट थे, जिन्होंने निष्ठा और दृढ़ विश्वास के साथ जनता की सेवा की। उनके परिवार, मित्रों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### प्रबुद्ध समाज का सम्मान



भारत ने हमेशा अपने प्रबुद्ध समाज का सम्मान किया है। देश, समय और परिस्थितियों के अनुरूप समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में हमारे प्रबुद्ध नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मुख्यमंत्री सैनी ने सिरसा से श्री नांदेड़ साहिब के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

## धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध , सोमनाथ मंदिर के लिए भी 8 जून को रवाना होगी विशेष तीर्थ ट्रेन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीर्थ यात्राएं समाज को जोड़ने का महान माध्यम होती हैं। ये यात्राएं हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और अपने संस्कारों से जोड़ती हैं। जब कोई श्रद्धालु तीर्थ स्थानों पर जाता है, तो वह केवल दर्शन करके नहीं लौटता, बल्कि अपने भीतर नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नई चेतना लेकर लौटता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना'के तहत सिरसा से तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन की रवानगी को लेकर सिरसा में आयोजित समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने श्री नांदेड़ साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं में से पांच को रेल टिकट भी दिए। उन्होंने समारोह के बाद विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में 800 से अधिक तीर्थ यात्री हरियाणा के अलग अलग हिस्सों से जा रहे है। उन्होंने ट्रेन में बैठे श्रद्धालुओं और ट्रेन लेकर जाने वाले रेलवे के अधिकारियो से भी बातचीत की।

ख्यमंत्री ने रवानगी के समय अरदास कार्यक्रम में भी शिरकत की। मुख्यमंत्री सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें सिरसा की ऐतिहासिक धरा से तख्त सचखंड श्री हुजूर साहिब, नांदेड़ के लिए श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन को रवाना करने का अवसर मिला है।हरियाणा के लिए रेलवे से अनुबंध किया, सोमनाथ मंदिर के लिए भी जाएगी ट्रेन मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना' के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार ने रेलवे विभाग के साथ विशेष अनुबंध किया है।

यात्रा को आरामदायक और सुरक्षित बनाने के लिए खान-पान, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इससे पहले 28 मार्च को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या धाम के लिए विशेष तीर्थ ट्रेन भेजी गई थी। आज श्री हुजूर साहिब, नांदेड़ के लिए दूसरी विशेष ट्रेन रवाना की है। प्रदेश के 14 जिलों से लगभग 800 श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। पहली ट्रेन 5 मई को कुरुक्षेत्र से गई थी। सोमनाथ मंदिर, गुजरात के लिए आगामी 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी।

### पंजाब में भ्रष्टाचार और नशे की दलदल में फंसा, जनता के साथ हो रहा धोखाः नायब

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार की ड्यूटी भ्रष्टाचार बढ़ाना नहीं होता, कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग आकर तो वहां की जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया था, लेकिन आज पंजाब में भ्रष्टाचार चरम पर है। पंजाब नशे की दलदल में फंसा है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की भोली भाली जनता को सब्जबाग दिखाकर धोखा देने का काम किया है। मुख्यमंत्री सैनी सिरसा में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब की जनता भोली जनता है, दिल्ली में मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जैसे पेरिस बनाने के सपने पंजाब की जनता को दिखाए थे। लेकिन जब पंजाब में एक टॉवर पर ईडी की रेड पड़ती है तो कैसे नोटो की बरसात हुई, यह घटना कथित ईमानदार सरकार की पोल खोलती है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह की फोटो लगाने का इन्हें अधिकार नहीं है, क्योंकि शहीद भगत सिंह ने आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए अपनी कुर्बानी दी थी, लेकिन उनके सपनों का पंजाब बनने की बजाय यह भ्रष्टाचार, घोटालों का पंजाब बन चुका है। प

ंजाब में तहसील, थानों में बिना पैसे काम नहीं होता। वहां की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि पंजाब में बीजेपी के नेतृत्व में बनने वाली डबल इंजन की सरकार वहां विकास को तेज गति से करते हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी।

उन्होंने इस दौरान हरियाणा में लागू की गई योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों को एमएसपी दिया जा रहा है, आयुष्मान, चिरायु योजना का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। इसके अलावा सोलर की स्कीम का फायदा भी प्रदेश की जनता को दिया जा रहा है। वहां सरकार बनने पर इन योजनाओं का फायदा वहां की जनता को भी मिलेगा।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान के मद्देनजर हरियाणा में भी इसे लागू किया गया है।

इस सम्बन्ध में एसओपी जारी की गई है। खुद के फ्लीट में भी गाड़ियों की संख्या कम की है, साथ ही अधिकारियों को भी कहा है कि वर्चुअल तरीके से बैठक हो सकती है तो वो करें।

---

## खबर संक्षेप

### सेंगर को झटका, हाई कोर्ट का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली



हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित की गई थी। यह मामला 2017 के उन्नाव दुष्कर्म से जुड़ा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर को अंतरिम जमानत देते हुए सजा

### टिहरी में दुकानों में घुसा पानी और मलबा

**टिहरी।** दोपहर बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। जौनपुर ब्लॉक में धनोल्टी तहसील क्षेत्र के नौघर गांव में तेज बारिश का पानी बिलौंदी पुल बाजार में कुलवीर सिंह नकचवाल की दुकान में घुस गया। सड़क पर मलबा एकत्रित होने से नगुण-भवान-देहरादून स्टेट हाईवे काफी देर अवरुद्ध रहा। कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी और विधायक घंटों फंसे रहे।

### सांप के काटने से युवा कांग्रेस नेता की मौत

**पणजी।** कांग्रेस नेता डॉ. केतन भाटीकर का सांप के काटने से



निधन हो गया। वे 38 वर्ष के थे। भाटीकर गोवा कांग्रेस के सक्रिय नेताओं में शामिल थे और हाल ही में रद्द हुए पोंडा विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रमुख चेहरों में शामिल थे। यह हादसा गुरुवार रात तब हुआ जब डॉ. केतन कर्नाटक के दांडेली गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने काट लिया।

### सिविल सेवा परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी


**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा (प्रीलिम्स) 2026 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। आयोग ने कहा कि 24 मई को देशभर में एग्जाम सेंटर पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में जो कैंडिडेट शामिल होने वाले हैं वह आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in और upsconline.nic.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

---

## कठिन समय में जिम्मेदारी से जीना और कर्तव्यों का पालन करना चाहिए

### फ्यूल और गैस पर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# 'चुनौतियों' से उबरने अब सभी सोमवार शुक्रवार को होगी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से पेट्रोल-डीजल और गैस को लेकर उपजे संकट के बीच सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री सूत्रों के अनुसार अदालत ने अब सोमवार और शुक्रवार को सिर्फ वर्चुअल सुनवाई का आदेश जारी किया है। हालातों को देखते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने ये फैसला लिया है।

सुप्रीम कोर्ट में अभी तक हाइब्रिड सुनवाई की व्यवस्था थी। यानी व्यक्तिगत तौर पर पेशी और वर्चुअल दोनों तरीके से कोर्ट कार्यवाही हो रही थी।उन्होंने देश को इन चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए नागरिकों को कई उपाय सुझाते हुए इस बात पर जोर दिया कि देशभक्ति केवल देश के लिए प्राणों का बलिदान देना ही नहीं है, बल्कि कठिन समय में जिम्मेदारी से जीना और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना भी है।

#### सीजेआई ने अहम टिप्पणी की

### दिल्ली के ज्यादातर लोगों की एलएलबी डिग्रियों की जांच करे सीबीआई



सुको ने शुक्रवार को फर्जी डिग्री धारक वकीलों की बढ़ती संख्या के मुद्दे पर चिंता जताई। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने टिप्पणी की कि केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई को इस मामले की जांच करनी चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ एक वकील द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में दिल्ली हाई कोर्ट में वरिष्ठ वकीलों को दिए जाने वाले पदनाम पर सवाल उठाया गया है। याचिकाकर्ता की तरफ से बार-बार याचिका दायर करने को लेकर सीजेआई ने फटकार लगाई।

### दिल्ली के वकीलों के बारे में सीजेआई ने विचार साझा किए

सीजेआई ने दिल्ली के कुछ वकीलों के बारे में अपने विचार साझा किए। सीजेआई ने कहा कि मैं किसी मामले का इंतजार कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि सीबीआई दिल्ली के ज्यादातर लोगों की एलएलबी डिग्रियों की जांच करे। तीस हजारी में फलां-फलां लोग, जिस तरह की फेसबुक पोस्ट वगैरह वो डाल रहे हैं। क्या उन्हें लगता है कि हम देख नहीं रहे? बीसीआई कुछ नहीं करेगी। उनमें से हजारों लोग धोखाधड़ी कर रहे हैं और वकालत कर रहे हैं। मुझे उनकी कानून की डिग्रियों की प्रामाणिकता पर गंभीर संदेह है। शायद सीबीआई को कुछ करना पड़ेगा। बीसीआई कभी कुछ नहीं करेगी, क्योंकि वे मिलीभगत में हैं, वे पूरी तरह से साजिश में शामिल हैं। सीजेआई ने कहा कि समाज में ऐसे कई परजीवी मौजूद हैं जो न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं।

### कार पूलिंग करने के लिए सहमत हो गए जज

रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी व्यवस्था सुचारू रखी जाए ताकि न्यायालय के कामकाज में कोई बाधा न आए। ईंधन के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के माननीय जजों ने आपसी सहमति से कार-पूलिंग को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया हैं। रजिस्ट्री के प्रत्येक शाखा/सेक्शन में अधिकतम 50 फीसदी कर्मचारी सप्ताह में दो दिन तक घर से काम कर सकते हैं। हालांकि बाकी स्टाफ की कार्यालय में उपस्थिति आवश्यक होगी, ताकि कामकाज निर्बाध रूप से चलता रहे। संबंधित रजिस्ट्रार को साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने, कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को तुरंत कार्यालय बुलाया भी जा सकता है। यदि किसी शाखा में वर्क फ्रॉम होम प्रभावी नहीं पाया जाता है, तो रजिस्ट्रार इसे सीमित या संशोधित कर सकते हैं. यह व्यवस्था प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से लागू की गई है।

#### पेट्रोलियम संकट पर बड़ा कदम

- 'मिसलेनियस डेज' यानी सोमवार, शुक्रवार या अन्य निर्धारित दिन में केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी सुनवाई
- आंशिक कार्य दिवसों में भी सिर्फ वर्चुअल सुनवाई

#### पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें

नागरिकों से आग्रह किया कि वे जहां भी उपलब्ध हो, मेट्रो रेल और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें, निजी वाहनों की आवश्यकता होने पर कार-पूलिंग का विकल्प चुनें, माल ढुलाई के लिए रेल परिवहन को प्राथमिकता दें जहां भी संभव हो, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं।

### विदेशी मुद्रा को बचाना चाहिए

पीएम ने कहा कि वर्तमान स्थिति में, देश को विदेशी मुद्रा की बचत पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। पेट्रोल-डीजल पूरी दुनिया में बेहद महंगे हो गए हैं, इसलिए ईंधन बचाना और इस तरह पेट्रोल और डीजल खरीदने पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

#### जबरन अवमानना अर्जी दायर कर रहे लोग

सीजेआई ने कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे लोग मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं? कुछ मीडिया में जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया में, कुछ अन्य कार्यकर्ता बन जाते हैं। वे हर किसी पर हमला करते हैं और आप लोग अवमानना याचिकाएं दायर करते हैं।

---

#### सीसीपीए ने सख्त कार्रवाई की

## भ्रामक विज्ञापनों पर बड़ी कार्रवाई, दो कोचिंग संस्थानों पर 15 लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के दावों को लेकर भ्रामक विज्ञापन देने वाले दो बड़े कोचिंग संस्थानों पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए )ने सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड पर 10 लाख रुपए और कैरियर लाइन कोचिंग, सीकर (राजस्थान) पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार, दोनों संस्थानों को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने, भविष्य में ऐसे विज्ञापन प्रकाशित नहीं करने और आगे से पूरी एवं सत्य जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सीसीपीए के मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा ने मामले की सुनवाई के बाद पाया कि कोचिंग संस्थानों ने आईआईटी और नीट जैसी परीक्षाओं में सफल छात्रों के नाम, फोटो और उपलब्धियों का प्रमुखता से इस्तेमाल किया, लेकिन यह महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई कि संबंधित छात्रों ने कौन-सा कोर्स किया था या संस्थान से उनका वास्तविक संबंध क्या था।

प्राधिकरण ने माना कि इस तरह के विज्ञापन छात्रों और अभिभावकों को गुमराह करते हैं तथा यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना और शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि कोचिंग संस्थान झूठे या बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावों के जरिए छात्रों को आकर्षित न कर सकें।

शिक्षा क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले संस्थानों के बीच 'टॉपर मार्केटिंग' की होड़ बढ़ी है, जिसमें सफल छात्रों की उपलब्धियों को प्रचार का माध्यम बनाया जाता है। ऐसे में सीसीपीए की यह कार्रवाई अन्य संस्थानों के लिए भी बड़ा संदेश मानी जा रही है।

### मुख्यमंत्री पद पर सहमति के बाद शिक्षा मंत्रालय पर अड़ गई 'डियन यूनियन मुस्लिम लीग

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में लेफ्ट गठबंधन को चुनाव हराकर सत्ता में आए यूडीएफ के 2 सबसे बड़े घटक दलों के बीच खींचतान खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस नीत यूडीएफ ने बहुमत हासिल किया मगर मुख्यमंत्री के नाम पर पार्टी में शक्ति परीक्षण होने लगा। यह मामला पार्टी के अंदर तक सीमित रहता तो सामान्य लगता मगर सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने वीके सतीशन के पक्ष में झडा उठाकर मामले को नया रुख दे दिया। कांग्रेस आलाकमान ने जब सतीशन के नाम की घोषणा की तो कई विश्लेषकों ने इसके पीछे मुस्लिम लीग के दबाव को एक वजह माना। सीएम के चेहरे के साथअन्य मुद्दे पर मुस्लिम लीग कांग्रेस को संकट में डाल चुकी है।

---

# जय, वीरू और चौधरी फेसबुक पर जमकर हुई सियासत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ वैसे तो शांत प्रदेश है। आपसी खींचतान अपेक्षाकृत कम है। सियासत में भी आपसी टकराहट सम्मान की जद में ही रहता है। मगर, पिछले दिनों सोशल मीडिया पर जय, वीरू और चौधरी के बीच जो चली उसकी चर्चा सुबाई चौहद्दी लोघ गई। चर्चा भाजपा में भी हुई। चर्चा कांग्रेस में भी हो रही है। हुआ यूं कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में कथित सट्टेबाजी सिंडिकेट से जुड़े आरोपी करण चौधरी का मामला उठाते हुए उसके तार कुछ संग साथ की तस्वीरों के माध्यम से राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी से जोडकर कटाक्ष भरा पोस्ट लिखा। करण चौधरी की भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें साझा कर भाजपा सरकार पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इसके जवाब में शांतचित्त माने जाने वाले पूर्व आईएएस वर्तमान में भाजपा सरकार में मंत्री ओपी चौधरी ने लंबा फेसबुक पोस्ट लिखते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रोज सैकड़ों लोगों के साथ तस्वीरें खिंचती हैं और हर व्यक्ति का 'बैकग्राउंड वेरिफिकेशन' संभव नहीं होता। ओपी चौधरी ने यह भी दावा किया कि उसी व्यक्ति की तस्वीरें कांग्रेस नेताओं, विशेषकर टीएस सिंहदेव और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ भी मौजूद हैं। उन्होंने लिखा कि अगर केवल तस्वीरों के आधार पर आरोप तय होंगे, तो सवाल कांग्रेस नेताओं पर भी उठेंगे। ओपी चौधरी ने तस्वीर समेत अपने पोस्ट में पूर्व कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'असल अपराध' अपराधियों को जानबूझकर संरक्षण देना है और आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसे नेटवर्क पनपे। साथ ही उन्होंने रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अगर सरकार संरक्षण देती, तो पुलिस करोड़ों नकद, नोट गिनने की मशीन और डिजिटल सबूतों के साथ सिंडिकेट पर कार्रवाई नहीं करती। इस विवाद में नया मोड़ तब आया जब टीएस सिंहदेव ने फेसबुक पोस्ट कर अपना नाम घसीटे जाने पर नाराजगी जताई। सिंहदेव ने लिखा कि किसी को जवाब देने के लिए उनका नाम लेना 'दुर्भाग्यपूर्ण और अनावश्यक' है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनके दरवाजे सभी के लिए खुले रहते हैं और उनसे मिलने आने वाले हर व्यक्ति की राजनीतिक विचारधारा एक जैसी नहीं होती। सिंहदेव ने यह भी कहा कि संबंधित व्यक्ति का संबंध केवल कांग्रेस से नहीं बल्कि आरएसएस और भाजपा नेताओं से भी रहा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी किसी आपराधिक गतिविधि का समर्थन नहीं किया और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। टीएस सिंहदेव के जवाब के कुछ घंटे बाद ओपी चौधरी ने फिर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सिंहदेव को 'अच्छा व्यक्ति' बताते हुए कहा कि वे 'गलत संगत' में पड़ गए हैं। ओपी चौधरी ने यह भी लिखा कि जिस व्यक्ति को सिंहदेव ने 'किसी' कहकर संबोधित किया, उसकी पहचान पहले कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं के करीबी के रूप में होती थी। इशारा भूपेश बघेल की तरफ था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'अगर वीरू जबरन किसी पर बाल्टी भर कीचड़ उछालेगा, तो संभावना बनती है कि जय पर भी कुछ छींटे पड जाएं।' पूरा विवाद केवल एक आरोपी की तस्वीरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भाजपा और कांग्रेस के बीच 'कौन अपराधियों के करीब' वाली नैरेटिव लड़ाई बन चुका है। छत्तीसगढ़ में पहले भी शराब घोटाला, कोल लेवी और ऑनलाइन सट्टेबाजी जैसे मुद्दों पर दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं। गौरतलब है कि ओपी चौधरी वर्तमान में विष्णुदेव साय सरकार में वित्त मंत्री हैं और भाजपा के प्रमुख युवा चेहरों में गिने जाते हैं।


---

#### 'ड्रग्स पर वैश्विक युद्ध' का गृहमंत्री अमित शाह का ऐलान

# भारत को ट्रांजिट रूट बनाने नहीं देंगे, दुनिया को साथ आना चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ड्रग्स तस्करी और नार्को-टेरर नेटवर्क के खिलाफ वैश्विक स्तर पर संयुक्त लड़ाई का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत देश में 'एक ग्राम' नशा भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और न ही भारत को ड्रग्स ट्रांजिट रूट बनने दिया जाएगा। रॉ द्वारा आयोजित आर.एन. काओ मेमोरियल लेक्चर-2026 में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2047 तक 'ड्रग फ्री इंडिया'का राष्ट्रीय लक्ष्य तय किया है और सुरक्षा एजेंसियां ड्रग सिंडिकेट खत्म करने के लिए रोडमैप पर काम कर रही हैं। शाह ने कहा कि ड्रग्स केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दुनिया ने अभी सामूहिक प्रयास नहीं किए तो आने वाले दस



वर्षों में नुकसान इतना बड़ा हो जाएगा कि उसे पलटना मुश्किल होगा। गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग माफिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कमजोरियों और अलग-अलग देशों की नीतियों का फायदा उठाते हैं। ऐसे में दुनिया को प्रतिबंधित पदार्थों की एक समान परिभाषा, ड्रग तस्करी पर समान सजा और अपराधियों के प्रत्यर्पण को लेकर साझा कानूनी ढांचा तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से मिलने वाला पैसा आतंकवाद, संगठित अपराध और समानांतर अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इसलिए 'नार्को नेटवर्क' और 'नार्को-टेरर स्टेट्स' दोनों के खिलाफ एक साथ कार्रवाई जरूरी है। अमित शाह ने खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम साझा करने, सीमा पार संयुक्त अभियान चलाने और ड्रग किंगपिन्स की गिरफ्तारी व प्रत्यर्पण में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है।गृह मंत्री ने कहा कि 8 अरब आबादी, 195 देशों और ढाई लाख किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं वाली दुनिया में ड्रग्स की समस्या से 'टुकड़ों में' नहीं निपटा जा सकता। इसके लिए वैश्विक स्तर पर साझा संकल्प और समन्वित कार्रवाई ही सबसे प्रभावी रास्ता है। कार्यक्रम में आर.एन. काओ के परिवार के सदस्य, रॉ के पूर्व प्रमुख, 40 से अधिक देशों के राजदूत और भारतीय सुरक्षा तंत्र के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

**ISF LIMITED**

Regd. Office: Khasra No. 10/2, Samalka, New Delhi, Gurgaon Road, South West Delhi, New Delhi, India- 110037
CIN NO : L74899DL1988PLC076648, Email id: info@isflimited.in, Website: www.isflimited.in

STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE FOURTH QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH 2026

(Rs. Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended 31-03-2026 | Year ended 31-03-2026 | Quarter Ended 31-03-2025 |
|---|---|---|---|
| Total Income from operations | 42.19 | 169.76 | 49.74 |
| Net Profit from ordinary activities after Tax | -187.49 | -166.35 | 18.92 |
| Net Profit for the period after tax (after Extra ordinary items) | -187.49 | -166.35 | 18.92 |
| Equity Share Capital (Face value of Re. 1/- each) | 95000000 | 95000000 | 95000000 |
| Reserves Excluding revaluation reserves as per Balance Sheet of previous accounting year | | 392.07 | |
| Earning Per Share (before extraordinary items) of Re. 1/- each (not annualised) | -0.1974 | -0.1751 | 0.0199 |
| Earning Per Share (after extraordinary items) of Re. 1/- each (not annualised) | -0.1974 | -0.1751 | 0.0199 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange websites www.isflimited.in

1) The financial results of the company have been prepared in accordance with Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.
2) The above results have been reviewed by the Audit Committee were approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 15th May, 2026
3) Segment reporting as defined in IND-AS 108 is not applicable since the entire operations of the company relates to only one segment.
4) Figures have been regrouped/rearranged wherever considered necessary.
5) There are no Other Comprehensive Income for the periods presented above.

For ISF Limited
SD/-
Anjali Raj
Company Secretary & Compliance Officer
M. No. A77251

Place: Noida
Date: 15.05.2026

# दुनिया पर मंडराया चावल का संकट, 11 साल में पहली बार घटेगी पैदावार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**ब्लूमबर्ग ने अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के हवाले से बताया**

दुनिया के करोड़ों लोगों के मुख्य भोजन चावल को लेकर एक चिंताजनक खबर सामने आई है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि साल 2026-27 के सीजन में वैश्विक चावल उत्पादन में गिरावट आ सकती है। पिछले एक दशक (11 साल) में यह पहला मौका होगा जब दुनिया भर में चावल की पैदावार कम होगी। आगामी सीजन में वैश्विक चावल उत्पादन 538 मिलियन टन रहने का अनुमान है। भारत, म्यांमार और अमेरिका में सबसे ज्यादा गिरावट देखी जा सकती है। अमेरिका में किसानों द्वारा बुवाई कम करने के कारण पैदावार में 15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

### भारत के लिए क्या चुनौती?

एशियाई देशों के लिए चावल केवल भोजन नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था का आधार है। उत्पादन में कमी न केवल खाने की थाली को महंगा करेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर महंगाई को और हवा दे सकती है। भारत के लिए चुनौती यह होगी कि वह अपने घरेलू भंडार और निर्यात के बीच कैसे संतुलन बनाए रखता है, खासकर तब जब मानसून अनिश्चित बना हुआ है।



### पैदावार घटने के 2 बड़े कारण

ईरान युद्धः ईरान में जारी युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा और उर्वरक की कीमतों में भारी उछाल आया है। चावल की खेती में उर्वरक का अधिक इस्तेमाल होता है, इसलिए बढ़ती लागत के कारण एशिया के कई किसान इस बार बुवाई से पीछे हट रहे हैं।

### अल नीनो का खतरा

दुनिया के सबसे बड़े चावल उत्पादक देश भारत में मानसून पर अल नीनो का साया मंडरा रहा है। जून से शुरू होने वाले मानसून में औसत से कम बारिश होने की आशंका है, जिससे धान की फसल सीधे तौर पर प्रभावित हो सकती है।

## नीट परीक्षा में बदलाव की घोषणा का स्वागत: कुकरेजा



**कोटा।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा नीट परीक्षा के आयोजन में बदलाव को लेकर की गई घोषणाओं का एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा स्वागत किया गया है। इस संबंध में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय स्वागत योग्य है। सबसे पहले तो समय रहते हुए परीक्षा को पुनः आयोजित करवाने का निर्णय उचित रहा। साथ ही पुनः परीक्षा की अगली तिथि की घोषणा भी कर दी गई। इसके बाद अब अगले वर्ष से कम्प्यूटर बेस्ड मोड पर परीक्षा करवाने स्वागत योग्य है। उम्मीद है कि परीक्षा ज्यादा बेहतर तरीके से आयोजित करवाई जा सकेगी। इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

**सैनी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) रोहतक।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 8.4.2026 को राष्ट्रीय अखबार अमर उजाला (हिंदी) और दि ट्रिब्यून (इंग्लिश) में सोसाइटी की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने के संबंध में दिए गए विज्ञापन में निर्धारित फार्म-X को जमा करवाने की अंतिम तिथि दिनांक 15-5-2026 से बढ़ाकर दिनांक 01-06-2026 निर्धारित की गई है। बढ़ाई गई तिथि भविष्य में आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। कृपया इसे अंतिम मौका समझे। इसके बाद सोसाइटी की फाइनल/अन्तिम आजीवन सदस्यता सूची जारी कर दी जाएगी। अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। किसी आजीवन सदस्य की मृत्यु संबंधी सूचना सोसाइटी की ईमेल Id : sainieducationsocietyrohtak1@gmail.com पर, रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा मोबाइल फोन 9868264666, 9813601244 पर WhatsApp के माध्यम से दी जा सकती है।

प्रधान
अवनीश कुमार सैनी

**खबर संक्षेप**

### नाटको फार्मा को एनपीपीए से 4.92 करोड़ की नोटिस



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी नाटको फार्मा लिमिटेड को राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण से दो दवाओं के लिए अधिक कीमत वसूलने के आरोप में 4.92 करोड़ रुपये से अधिक का मांग नोटिस मिला है। 2013 के पैरा 15 के तहत यह मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें कंपनी को 4,92,25,923 रुपये जमा करने का निर्देश दिया गया है।

### एचसीसी के लाभ में 34 प्रतिशत की गिरावट



**नई दिल्ली।** निर्माण कंपनी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (एचसीसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 34.56 प्रतिशत घटकर 59 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 90.08 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 1,017.51 करोड़ रुपये रही।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कर्ज फंसने के मामलों में कमी आने से आया सुधार

# बट्टेखाते में डाले गए सार्वजनिक बैंकों के कर्ज 2025-26 में कई साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की तरफ से बट्टेखाते में डाले गए कर्ज की राशि वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गई। कर्ज फंसने के मामलों में कमी और बकाया कर्ज की वसूली में सुधार इसके प्रमुख कारण रहे।

सार्वजनिक बैंकों के वित्तीय नतीजों के द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और इंडियन बैंक सहित अधिकांश बैंकों ने पिछले आठ वर्षों में सबसे कम कर्जों को बट्टेखाते में डाला।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने 6330 करोड़ कर्ज बट्टेखाते में डाला

बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6,330 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2017-18 के बाद सबसे कम है। इसी तरह, बैंक ऑफ इंडिया ने 5,735 करोड़ रुपये बट्टेखाते में डाले जो 2015-16 के बाद न्यूनतम स्तर है। इंडियन बैंक का कर्ज बट्टाखाता 2018-19 के बाद सबसे कम 6,695 करोड़ रुपये रहा।

बैंकों ने बकाया कर्ज की वसूली में की पहले से कड़ाई

पीएसबी के वित्तीय नतीजों के विश्लेषण से खुलासा

बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, पीएनबी ने सबसे कम कर्ज बट्टे खाते में डाला



*एनपीए में गिरावट से कर्ज राशि में कमी : रेटिंग एजेंसी इक्रा के वित्तीय क्षेत्र प्रमुख सचिन सचदेवा ने कहा कि सार्वजनिक बैंकों के बट्टेखाते में डाली गयी कर्ज राशि में कमी की मुख्य वजह नए एनपीए में गिरावट, पुराने फंसे कर्जों में कमी और वसूली में सुधार है।*

### सीबीआई ने 1718 करोड़ कर्ज बट्टेखाते में डाला

इसी तरह, इंडियन ओवरसीज बैंक का 1,189 करोड़ रुपये रहा, जो कई वर्षों के निचले स्तर पर है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 1,718 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2021-22 के बाद सबसे कम है। आमतौर पर बैंक उन कर्जों को बट्टेखाते में डालते हैं, जिनकी वसूली की संभावना कम होती है और जिनके लिए 100 प्रतिशत वित्तीय प्रावधान करना पड़ता है।

### बट्टेखाते में डालने के बाद भी वसूली जारी रहती है

कर्ज को बट्टेखाते में डालने से बैंकों का बहीखाता साफ-सुथरा होता है और फंसे कर्ज (एनपीए) का स्तर कम दिखता है। हालांकि, बैंक फंसे कर्ज को बट्टेखाते में डालने के बाद भी वसूली की कोशिश जारी रखते हैं, ताकि बाद में मुनाफे को समर्थन मिले।

### सकल एनपीए अनुपात घटकर 1.93 प्रतिशत

वित्त मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक पीएसबी का सकल एनपीए अनुपात घटकर 1.93 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.39 प्रतिशत रह गया, जो ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर है। इस दौरान फंसे कर्ज की कुल वसूली 86,971 करोड़ रुपये रही।

### पीएनबी का लाभ 11 फीसदी बढ़ा

बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, कर्ज वृद्धि और आय में बढ़ोतरी के चलते पीएसबी का शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार चौथा साल है जब सरकारी बैंकों ने सकल रूप से मुनाफा दर्ज किया।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 08265085A | यूएफ एस बी आई | 42 नग/पेयर | 08.06.26 |
| 12260031 | अर्थिंग केबल कम्पलीट फोर व्हील सेट अर्थिंग | 11915 नग | 08.06.26 |
| 09262056 | बोल्स्टर बॉटम गससेट | 2312 नग | 08.06.26 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी

टेंडर नोटिस सं.: 12/ 2026-2027 दिनांक: 15.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1634/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजाफ उर्फ शेख रजक उर्फ सोनू पुत्र सकरुद्दीन उर्फ शेख सुकरुद्दीन निवासी नासी टोला, गांव बैरिया वार्ड नंबर 6, अंचल अमदाबाद, जिला कटियार, बिहार और झुग्गी नंबर एफ–221/सी, नेपाली मंदिर शौचालय के पास, बंगाली बस्ती, आनंद पर्वत, दिल्ली और वेगा बॉन्ड लेबर चौक, देव नगर, करोल बाग** ने **FIR No. 41/2014 U/S 323/324/341/34 IPC,** अन्तर्गत थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजाफ उर्फ शेख रजक उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजाफ उर्फ शेख रजक उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 41/2014 U/S 323/324/341/34 IPC,** अन्तर्गत थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राजाफ उर्फ शेख रजक उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2026** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
केंद्रीय, कमरा नंबर 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/5816/CD/2026(Court Matter)

## वैश्विक बिकवाली से चांदी 21,600 रुपये टूटी, सोना 3,200 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी का भाव 21,600 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया जबकि सोने की कीमत 3,200 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मजबूत डॉलर और निवेशकों की भारी मुनाफावसूली से यह गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,200 रुपये यानी 1.93 प्रतिशत टूटकर 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें भी 21,600 रुपये यानी 7.3 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को कीमती धातुओं पर भारी बिकवाली का दबाव रहा। महंगाई को लेकर लगातार बढ़ती चिंताओं ने सख्त मौद्रिक नीति की जरूरत को और मजबूत किया है।'' गांधी ने कहा कि इस नजरिए ने निवेशकों को डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल की ओर धकेला, जिससे सोने का आकर्षण कम हो गया। इस तेज गिरावट से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कमजोरी दिखी।

## कमजोर रुपया और बढ़ती महंगाई से बाजार में चिंता सेंसेक्स 161 अंक फिसला

**मुंबई (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों में सतर्कता देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार- चढ़ाव के बीच 160.73 अंक गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय करीब 470 अंक तक की बढ़त ले ली थी। वहीं निफ्टी 46.10 अंक गिरकर 23,643.50 पर बंद हुआ। इसके साथ ही दो दिनों से जारी तेजी पर लगाम लग गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल



2,090.2 अंक गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 532.65 अंक के नुकसान में रहा। शुक्रवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
दूरभाष-0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 11.05.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर **दिनांक** 01.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 43/190736 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत दुर्ग-गुण्डरदेही-बालोद ( राज्य मार्ग क्रं. 07) मार्ग लं. 39.00 कि.मी. के कि.मी. 40 / 4-6 = 460मीटर एवं 42/4-6 = 440 मीटर कुल 900मीटर नाली निर्माण कार्य | 34.98 |
| 44/190737 | जिला दुर्ग के धमधा में विश्राम गृह का निर्माण कार्य | 62.15 |
| 45/190738 | ग्राम रिसामा से उतई पहुंच मार्ग के रेल्वे बोगदा पुल से रिसामा मुख्य मार्ग तक का शेष कार्य | 109.71 |
| 46/190739 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं. 02 बालोद के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य ( जोनल एजेन्सी) | 50.00 |
| 47/190740 | लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला - मानपुर-अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम एवं पेंच रिपेयर कार्य | 30.00 |
| 48/190741 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम. एम एवं बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य (जोनल एजेन्सी) | 20.00 |
| 49/190742 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी) | 49.99 |

टीप-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G- 262700769/3

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## रणनीतिक साझेदारीः स्मार्ट लाइटिंग एक्सपो व फैन एक्सपो का को-लोकेशन देगा उद्योग को बड़ा लाभ


**नई दिल्ली।** बी2बी ट्रेड फेयर उद्योग में एक नई दिशा स्थापित करने जा रहे स्मार्ट लाइटिंग एक्सपो और फैन एक्सपो अब एक साथ आयोजित किए जाएंगे। यह रणनीतिक को-लोकेशन उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दोनों प्रदर्शनियां 06 से 08 अगस्त 2026 तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होंगी। इस संयुक्त आयोजन के माध्यम से लाइटिंग और फैन उद्योग की अग्रणी कंपनियों को एक ही मंच पर अपने उत्पाद और तकनीक प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे कंपनियों को मार्केटिंग बजट में उल्लेखनीय बचत होगी, क्योंकि वे एक ही प्रदर्शनी में लाइटिंग एवं फैन दोनों सेगमेंट के ग्राहकों तक पहुंच बना सकेंगी। खरीदारों के लिए भी यह आयोजन अत्यंत लाभकारी साबित होगा। रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स से जुड़े खरीदार एक ही स्थान पर नवीनतम लाइटिंग प्रोडक्ट्स और ऊर्जा दक्ष फैन समाधान प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। इस मेगा आयोजन में 200 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे, जिनमें हैवल्स, सूर्या, आरआर केबल व क्रोम्पटन जैसे प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। आयोजन में 14,000 से अधिक लक्षित बिजनेस विजिटर्स के आने की उम्मीद है, जिनमें डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, रियल एस्टेट डेवलपर्स तथा सरकारी निकायों, रेलवे और एयरपोर्ट अथॉरिटीज़ के संस्थागत खरीदार शामिल होंगे। यह प्रदर्शनी 3 प्रमुख उद्योग संघों एवं 25 से अधिक आर्किटेक्ट्स समूहों के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिससे यह वर्ष का सबसे प्रभावशाली, किफायती और परिणामोन्मुख बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बनने जा रही है।

## जेयूआईटी : एन ऐआई ऑडसे एआई आधारित इंटरएक्टिव स्टोरीटेलिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**वाकनाघाट।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफोरमेशन टेक्नोलोजी ने माननीय कंपनी के सीईओ मनु भास्कर गौर के दूरदर्शी नेतृत्व में जेयूआईटी : एन ऐआई ऑडसे एआई शीर्षक से एक अभिनव एवं अपने प्रकार की पहली एआई-आधारित प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने रचनात्मकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इंटरएक्टिव स्टोरीटेलिंग को एक मंच पर लाकर विद्यार्थियों को अपनी तकनीकी दक्षता एवं कल्पनाशील सोच प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। एआई कैरेक्टरर्स एवं इंटरैविक स्टोरी टैलिंग के माध्यम से उपयोगकर्ता को जेयूआईटी की कहानी का हिस्सा बनाना" विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को ऐसे इमर्सिव डिजिटल अनुभव विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया, जिनके माध्यम से उपयोगकर्ता "जेयूआईटी में एक दिन" का वर्चुअल अनुभव प्राप्त कर सकें। विद्यार्थियों ने संवादात्मक एई, वॉइस सिंथेसिस, विज़ुअल स्टोरीटेलिंग, एनीमेशन तथा इंटरएक्टिव निर्णय-आधारित प्रणालियों को एकीकृत करते हुए एआई संचालित स्टोरीटेलिंग वातावरण विकसित किए। इस प्रतियोगिता में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोधार्थी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 20 टीमों ने पंजीकरण कराया।

## शब्द पहेली - 6227




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

**शब्द पहेली- 6226 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | र | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | ग | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |



# 2027 वर्ल्ड कप पर कोहली का दो टूक, इतनी मेहनत के बाद भी अहमियत साबित करनी हो, तो नहीं!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष 'माहौल' में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह 'जगह' उनके लिए नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है।

कोहली ने कहा, 'मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता।'



*कोहली ने कहा, 'जिस पल मुझे लगा कि लोग मेरे लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं और अलग-अलग बात कर रहे हैं। या तो चुप रहो और मुझे खेलने दो या तो स्पष्ट व ईमानदार रहो। अगर आप अपने काम की जगह पर जाते हैं और लोग कहते हैं कि हमें आपकी क्षमता में भरोसा है और एक सप्ताह बाद वे तरीके पर सवाल करने लगे, तो फिर क्या मतलब। या तो मुझे पहले ही दिन कह दो कि मेरा खेल ठीक नहीं है या मेरी जरूरत नहीं लेकिन आपने कहा है कि मैं ठीक हूं और हम कुछ दूसरी बात नहीं सोच रहे तब चुप रहो।'*

### मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं

विराट ने कहा, 'मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजमर्रा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है।'

### मुझे किसी को कुछ साबित नहीं करना

कोहली ने 2025-26 सत्र के दौरान दो दशकों के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली के लिए दो मैच खेले और उनमें से एक में शतक लगाने के साथ-साथ लिस्ट ए में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। उन्होंने कहा, 'मैं तब स्पष्ट सोच के साथ वहां गया था कि मुझे वहां किसी को कुछ साबित नहीं करना है। मैं वहां खेलने गया क्योंकि मुझे खेल खेलना पसंद है।' कोहली ने कहा, ''मैं इसलिए खेलना चाहता हूं क्योंकि मुझे खेल से प्यार है। मुझे बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आने लगा। मुझे फिर से एक बच्चे जैसा महसूस हुआ। मुझे लगा कि यह किसी और को लेकर नहीं बल्कि यह केवल मेरे और खेल के बारे में है।

### मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार

कोहली ने कहा, 'मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं।' कोहली ने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में कहा कि वह हमेशा कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहते हैं। विराट ने कहा, 'मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हूं। इस तरह से खेलने के बाद भी अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है।'

## इटैलियन ओपन

# एलिना की फाइनल में एंट्री, इगा को हराया



एजेंसी ⏭ रोम

दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में तीन बार की विजेता इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। स्वितोलिना 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल मैच में पहुंची हैं। खिताबी मुकाबले में स्वितोलिना का सामना कोको गॉफ से होगा। स्वितोलिना तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम करना चाहेंगी, तो गॉफ की निगाहें पहली बार इस ट्रॉफी को उठाने पर होंगी। इसके साथ ही, दोनों खिलाड़ी सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश भी करेंगी। स्वितोलिना इस साल गॉफ को दो बार हरा चुकी हैं, और वह अपने इस शानदार रिकॉर्ड को फाइनल में भी कायम रखना चाहेंगी।

### फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास : स्वितोलिना

एलिना स्वितोलिना ने स्वियातेक को 2 घंटे 14 मिनट में हराने के बाद कहा, इतने सालों बाद फिर से फाइनल में होना बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके इस तरीके से फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास है।

### गॉफ और स्वितोलिना का हेड टू हेड रिकॉर्ड

गॉफ के खिलाफ एलिना स्वितोलिना का हेड टू हेड रिकॉर्ड 3-2 का रहा है। स्वितोलिना ने गॉफ को ऑस्ट्रेलियन ओपन और फिर दुबई में हराया था। स्वितोलिना और गॉफ की उम्र में 9 साल 182 दिन का फर्क है। यह इटैलियन ओपन के फाइनल में 1990 के बाद सबसे बड़ा उम्र का अंतर है। 1990 में मार्टिना नवरातिलोवा और मोनिका सेलेस के बीच खेले गए फाइनल में उम्र का अंतर 17 साल 45 दिन था।

## खबर संक्षेप



### बिना एक भी मैच खेले स्वदेश लौटे रचिन

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे की तैयारियां शुरू करने के लिए आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। केकेआर ने बताया, 'रचिन रविंद्र न्यूजीलैंड के इंग्लैंड के आगामी टेस्ट दौरे के लिए अपनी टेस्ट क्रिकेट की तैयारियां शुरू करने के लिए घर लौट गए हैं।' केकेआर की टीम शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी। आईपीएल की नीलामी में केकेआर ने दो करोड़ रुपए के बेस प्राइस में रविंद्र को खरीदा था, इस तरह वह इस सत्र में अपनी नई फ्रेंचाइजी के लिए एक भी मैच खेले बिना ही घर लौट गए। केकेआर ने मुख्य ऑलराउंडर के तौर पर बड़े नाम वाले खिलाड़ी कैमरुन ग्रीन को प्राथमिकता दी। 26 वर्षीय रविंद्र अब इंग्लैंड के अपने पहले दौरे के लिए लाल गेंद की ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित करेंगे। न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड में तीन मैच की टेस्ट सीरीज से पहले 27 मई से बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ी आईपीएल दर्शकों की संख्या




**मुंबई।** आईपीएल की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसके दर्शकों की संख्या में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि टीवी पर दर्शकों की संख्या 500 मिलियन के आंकड़े को छूने के करीब है। इस टूर्नामेंट के आधकारिक प्रसारणकर्ता जियोस्टार के अनुसार आईपीएल की कुल डिजिटल पहुंच में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा लीनियर टीवी पर प्रसारित 51 मैचों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित 57 मैचों का है। कंपनी ने दावा किया, ' सीटीवी (कनेक्टेड टीवी यानि इंटरनेट से जुड़े उपकरण) की पहुंच में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 'वाच टाइम' (देखने का समय) 20 प्रतिशत बढ़ गया है। क्षेत्रीय भाषाओं में 'वाच टाइम' में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।' प्रसारक ने दावा किया कि पिछले सत्र की तुलना में 125 नए विज्ञापनदाताओं के जुड़ने से यह वृद्धि हुई है।

### 22 मई से फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** रांची में 22 से 25 मई तक होने वाली फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल के रूप में भी काम करेगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि एशियाई एथलेटिक्स संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार 31 दिसंबर, तक 20 से 22 वर्ष की आयु के एथलीट चयन के लिए पात्र होंगे। एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 9 से 12 जुलाई तक चीन के ओर्डोस में होगी। रांची में होने वाली प्रतियोगिता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एथलीटों को इससे ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने का आखिरी मौका मिलेगा।

## आईपीएल: मिचेल मार्श ने 90 रन बनाए, आकाश को 3 विकेट

# लखनऊ ने जीत के साथ चेन्नई के प्लेऑफ की उम्मीदों को दिया झटका

भाषा ⏭ लखनऊ

मिचेल मार्श की 90 रन की तूफानी पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका दिया। सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सुपर जायंट्स ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 188 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और सुपर किंग्स के नेट रनरेट को भी बड़ा झटका दिया। सुपर किंग्स की यह 12 मैचों में छठी हार है, लेकिन टीम का नेट रनरेट 0.185 से गिरकर 0.027 हो गया और टीम तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। मार्श ने 38 गेंदों की पारी में नौ चौके और सात छक्के लगाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए जोश इंग्लिश (35) के साथ महज 70 गेंदों में 135 रन की साझेदारी कर मैच को शुरुआत में ही सुपर किंग्स की पकड़ से दूर कर दिया। मार्श और निकोल्स पूरन (17 गेंदों में नाबाद 32 रन) ने अंशुल कंबोज के एक ओवर में चार-चार छक्के जड़े। कंबोज ने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। मार्श की इस आक्रामक पारी ने सुपर किंग्स के कार्तिक शर्मा की बेहतरीन पारी को फीका कर दिया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने युवा कार्तिक शर्मा की 71 रन की संयमित पारी की बदौलत प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

- सुपर किंग्स तीन मैच जीतने के बाद हारी
- सुपर जायंट्स सात विकेट से जीती



### चेन्नई-187/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का चौधरी बो आकाश सिंह | 20 |
| रुतुराज का पूरन बो आकाश | 13 |
| उर्विल का मार्श बो आकाश सिंह | 06 |
| कार्तिक का मारक्रम बो शाहबाज | 71 |
| ब्रेविस का आकाश सिंह बो शमी | 25 |
| शिवम दुबे नाबाद | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 13 |

अतिरिक्त : 07
कुल: 20 ओवर में 5 विकेट पर 187 रन
विकेट पतन : 1-31, 2-36, 3-52, 4-122, 5-142
गेंदबाजी : शमी 4-0-41-1, आकाश 4-0-26-3, प्रिंस 4-0-49-0, मयंक 4-0-26-0, शाहबाज अहमद 4-0-45-1

### लखनऊ-188/3 (16.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श रन आउट | 38 |
| जोश का उर्विल बो मुकेश | 36 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 32 |
| अब्दुल समद बो जॉनसन | 07 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 13 |

अतिरिक्त : 10
कुल योग: 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 188 रन
विकेट पतन: 1-135, 2-135, 3-144
गेंदबाजी: मुकेश 3-0-24-1, जॉनसन 4-0-39-1, कंबोज 2.4-0-63-0, नूर 4-0-21-0, गुरजपनीत 3-0-34-0

### गुजरात की टॉप-2 पर नजर, केकेआर की उम्मीदों की लड़ाई, आज शाम 7.30 बजे से मुकाबला



**कोलकाता।** लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को आईपीएल के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा। केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था।

# पाकिस्तानी टीम पर आईसीसी ने लिया तगड़ा एक्शन, काटे डब्ल्यूटीसी अंक

एजेंसी ⏭ मीरपुर



पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2025-27 चक्र में मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उसकी टीम के 8 अंक काट दिए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार पाकिस्तान ने इस मैच में निर्धारित समय सीमा में 8 ओवर कम किए थे। इस तरह से पाकिस्तान अब अंक तालिका में चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज उससे निचले पायदान पर है।

**खिलाड़ियों पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना:-** आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी की न्यूनतम ओवरों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत निर्धारित समय में पूरे नहीं किए गए ओवर में से प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खेल नियमों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, प्रत्येक ओवर कम होने पर टीमों का एक चैंपियनशिप अंक कट जाता है, जिस कारण पाकिस्तान को डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में 8 महत्वपूर्ण अंक गंवाने पड़े।

# सिंधू-लक्ष्य थाईलैंड ओपन से बाहर सात्विक-चिराग की जोड़ी आगे बढ़ी

भाषा ⏭ बैंकॉक

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू क्वार्टरफाइनल में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के खिलाफ एक गेम की बढ़त गंवाकर हार गईं लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुषों की युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गई। सिंधू 5,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि के सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं। हार के बावजूद दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू हार जीत के रिकॉर्ड में यामागुची से 15-13 से आगे हैं। जनवरी में हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में सिंधू आगे चल रही थीं और फिर यामागुची के चोट के कारण क्वार्टरफाइनल मैच से हटने के कारण अगले दौर में जगह बनाई थी। लक्ष्य सेन को भी पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल मैच में थाईलैंड के दूसरे वरीय खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि युगल स्पर्धा में कुछ अच्छी खबर भी आई जिसमें सात्विकसाईराज और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जापानी के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी की छठी वरीय जोड़ी को 21-12, 21-13 के शानदार स्कोर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब यह भारतीय जोड़ी अगले दौर में गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन की तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले सिंधू का पहला गेम बराबरी का था जिसमें 11-11 तक एक खिलाड़ी सिर्फ एक अंक से आगे था। उसके बाद यामागुची 13-11 से आगे हो गईं लेकिन सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। 19-19 पर पहुंचने के बाद सिंधू ने अगले दो अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू 5-1 से आगे थीं और ऐसा लग रहा था कि वह लय बनाए रखेंगी। लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को वापसी करने का मौका दे दिया जिससे स्कोर 11-11 से बराबर हो गया। यामागुची ने लगातार सात अंक लेकर 14-11 की बढ़त बना ली। यामागुची लय में आ गईं और उन्होंने यह गेम 21-18 से जीत लिया।

# भारत की अंडर-18 पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉ खेला, महिला टीम ने भी चुनौती पेश की


**भोपाल।** भारत की अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। मेज़बान टीम की ओर से आकाश दीप (11वें मिनट) और दीपक प्रकाश टोप्पो (45वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेट जॉनस्टोन (दूसरे मिनट) ने मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई जबकि फ्रैंकी बेकर (60वें मिनट) ने खेल के आखिरी मिनट में बराबरी का गोल किया। महिलाओं के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम ने 4-3 से जीत हासिल की। ऑरोरा कोवासेविच (21वें मिनट) ने मेहमान टीम को बढ़त दिलाई जिसके बाद दीया (22वें मिनट) ने तुरंत भारत के लिए बराबरी कर ली। इसके बाद मेजबान टीम ने दो गोल की बढ़त बना ली जिसमें किरण एक्का (42वें मिनट) और कप्तान स्वीटी कुजूर (48वें मिनट) ने गोल किए। लेकिन मिया क्लिम्प्सच (54वें मिनट) और स्टेला बार्थोलोम्यूज (54वें, 55वें मिनट) के आखिरी समय में किए गए गोलों की मदद से मेहमान टीम ने भारत को हरा दिया। महिला टीम रविवार को इस सीरीज का अपना दूसरा मैच खेलेगी जबकि पुरुष टीम अपना दूसरा मैच शाम को बाद में खेलेगी।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप: दो स्वर्ण, सात रजत व आठ कांस्य पदक पर कब्जा

# अंडर-17 आयुवर्ग में देश के खिलाड़ियों ने 17 पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अंडर-17 अभियान कुल 17 पदकों के साथ समाप्त किया। इन पदकों में दो स्वर्ण, सात रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं, जिसमें लड़कियों के दल ने सबसे आगे रहकर नेतृत्व किया। अंडर-17 लड़कियों ने 12 पदकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें दो स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जबकि अंडर-17 लड़कों ने एक रजत और चार कांस्य पदकों का योगदान दिया। लड़कियों के फाइनल मुकाबलों में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। राखी (46 किग्रा) ने दूसरे राउंड में रुखशोनबोनु अहदोवा के खिलाफ जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। नव्या (57 किग्रा) ने सारा कोनो पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अन्य मुकाबलों में, खुशी चंद (48 किग्रा), दीया (63 किग्रा) और हिमांशी (70 किग्रा) ने रजत पदक जीता। लड़कों में नमन बुधवार ने कांस्य पदक जीता। लड़कों के फाइनल में, लक्ष्य फोगट (75 किलोग्राम) को मारुफजोन तोशपुलातोव के हाथों 0-5 से हार मिली, जिसके बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लड़कों के दल ने कुल मिलाकर 1 रजत और 4 कांस्य पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया।



### शानदार प्रदर्शन तो महज एक शुरुआत : मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे मुक्केबाजों ने जो जोश और तकनीक दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। विशेष रूप से लड़कियों ने जिस तरह से रिंग में नेतृत्व किया, वह गर्व का विषय है। यह शानदार प्रदर्शन तो महज एक शुरुआत है; मुझे पूरा विश्वास है कि यही खिलाड़ी भविष्य में ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर तिरंगा फहराएंगे। कोच संजीव ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।*


# शकीरा-बर्ना बॉय का 'दाई दाई' बनेगा विश्व कप एंथम

एजेंसी ⏭ ज्यूरिख

विश्व कप का आधिकारिक गीत घोषित कर दिया गया है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि शकीरा और नाइजीरिया के गायक-गीतकार बर्ना बॉय ने मिलकर 'दाई दाई' गाना जारी किया है, जो उत्तरी अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत होगा। फीफा ने कहा, 'दाई दाई फुटबॉल, संस्कृति और एकता का जीवंत नमूना है, जो शकीरा और बर्ना बॉय की विश्व भर में जानी पहचानी ओजभरी आवाज और ऊर्जा का शानदार मिश्रण है।'

### शकीरा ने किया था गीत का टीजर साझा

कोलंबिया की गायिका शकीरा ने मई की शुरुआत में इस गीत का एक मिनट लंबा टीज़र क्लिप साझा करके सोशल मीडिया पर लिखा था, 'माराकाना स्टेडियम से पेश है 'दाई दाई', फीफा विश्व कप 2026 का आधिकारिक गीत।''फीफा ने कहा कि वह प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस गाने से मिलने वाली रॉयल्टी का उपयोग फीफा वैश्विक नागरिक शिक्षा कोष की मदद के लिए करेगा।






**खाड़ी संघर्ष पर ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले**

# भारत सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका निभा सकता है, हम तैयार

**ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने आगे आए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत और ईरान के रिश्तों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता और मजबूत रणनीतिक सहयोग मौजूद है। उन्होंने भारतीय सरकार और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मेहमाननवाजी की खुलकर सराहना की। अराघची ने कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान, जब उनके देश पर आक्रामक कार्रवाई हो रही थी, तब भी भारत लगातार संपर्क में रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ कूटनीतिक समर्थन दिया बल्कि मानवीय सहायता के जरिए भी ईरानी जनता के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। भारत हमेशा से इस क्षेत्र में संतुलित और सम्मानजनक भूमिका निभाता रहा है।

### भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक

*भारत ने कूटनीतिक और मानवीय समर्थन दिया शुक्रिया*

*भारत इस क्षेत्र में हमेशा संतुलित भूमिका निभाता रहा*


ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची

अराघची ने पश्चिम एशिया संकट में भारत की भूमिका को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि भारत की छवि सभी देशों के बीच सकारात्मक है और वह शांति बहाली में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत फारस की खाड़ी के सभी देशों का मित्र है। हम चाहते हैं कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में आगे आए। उन्होंने कहा कि अगर भारत कोई सकारात्मक मध्यस्थता की भूमिका निभाता है तो ईरान उसका स्वागत करेगा।

### चाबहार पोर्ट भारत के लिए 'गोल्डन गेट'

अराघची ने कहा कि चाबहार पोर्ट भारत और ईरान के सहयोग का सबसे बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इस परियोजना की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस और यूरोप तक पहुंच का गोल्डन गेट बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत चाबहार पोर्ट के विकास कार्य को आगे भी जारी रखेगा। उनके मुताबिक, यह परियोजना सिर्फ भारत और ईरान ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक और रणनीतिक जरूरतों के लिए बेहद अहम साबित होगी।

### ईरान और भारत के विचार एक जैसे

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि कल मेरी पीएम मोदी से संक्षिप्त और अच्छी बातचीत हुई और आज विदेश मंत्री जयशंकर से लंबी बैठक हुई। हमने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी क्षेत्र की स्थिति समेत लगभग सभी मुद्दों पर चर्चा की। मुझे कहना होगा कि हम दोनों के विचार लगभग एक जैसे हैं और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हमारी चिंताएं और हित भी समान हैं। इसलिए, हम अपने भारतीय सहयोगियों के साथ समन्वय जारी रखेंगे।

### ईरान होर्मुज से जहाजों को गुजरने देने के लिए तैयार

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले सभी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित नहीं होने देना चाहता। अराघची ने साफ किया कि मौजूदा संकट का समाधान युद्ध नहीं बल्कि बातचीत और भरोसे से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान ने कभी परमाणु हथियार नहीं चाहे।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में मिला आईईडी एक अरेस्ट

**पुणे।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पुणे के एक निजी अस्पताल से संवर्धित विस्फोटक



उपकरण (आईईडी) बरामद किए जाने के सिलसिले में नागपुर में ट्रेन से एक संदिग्ध को पकड़ा है। आरोपी की पहचान शिवाजी राठौड़ (30) के रूप में की है, जो ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। वह मंजरी इलाके का रहने वाला है जहां उसकी एक दुकान है। उसकी दुकान से टाइमर का खाली डिब्बा बरामद हुआ था। एटीएस उससे पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस साजिश में कोई और भी शामिल था या नहीं।

### जवाद की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अल फलाह विवि समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद



सिद्दीकी द्वारा धन शोधन मामले में दायर नियमित जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने एजेंसी को नोटिस जारी कर उससे अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने सिद्दीकी की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई जुलाई में तय की है, जबकि अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई इस महीने में करने को कहा है। निचली अदालत ने दो मई को सिद्दीकी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

**विदेश मंत्रालय ने बताया, सदस्य देशों के बीच मामले पर उभरी मतभिन्नता के बीच भारत ने निकाला मध्य मार्ग**

# ब्रिक्स की बैठक में पश्चिम-एशिया के हालात पर नहीं बनी सहमति, जारी हुआ 'अध्यक्षीय बयान-परिणाम दस्तावेज'

**विदेश मंत्रालय ने 'अध्यक्षीय बयान-परिणाम दस्तावेज' को मीडिया से साझा कर दी है यह जानकारी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में बीते गुरुवार से राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में चल रही बिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को पश्चिम-एशिया और मध्य-पूर्व में बने हुए हालात के मामले को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई।

जिसके बाद भारत ने बीच का रास्ता निकालते हुए अध्यक्षीय बयान (चेयर स्टेटमेंट) के साथ परिणाम दस्तावेज को ही बैठक के समापन के मौके पर जारी कर दिया। कोई भी संयुक्त घोषणापत्र या साझा बयान जारी नहीं किया जा सका। बैठक में बड़े अंतरराष्ट्रीय-क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया। जिसमें पश्चिम-एशिया के हालात के अलावा गाजा-लेबनान संकट तथा यूएन शांति सैनिकों की सुरक्षा, फिलिस्तीन के लिए द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को समर्थन देने, एकतरफा प्रतिबंधों, वैश्विक जलमार्गों से नौवहन की स्वतंत्र-निबार्ध आवाजाही, यूएन-यूएनएससी, डब्ल्यूटीओ जैसे वैश्विक संस्थानों (ब्रेटन वुड्स) में सुधार और वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूती प्रदान करने जैसे मामले मुख्य हैं।

### सदस्य देशों ने दोहराई अपनी प्रतिबद्धता



समूह के सदस्यों ने ब्रिक्स के सामरिक साझेदारी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जो कि समूह के तीन स्तंभों (राजनीति-सुरक्षा, आर्थिक-वित्तीय, संस्कृति-लोगों के बीच संबंध) में से एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सभी ने एकजुटता के साथ ब्रिक्स के आपसी सम्मान, समझ, समानता, सद्भावना, खुलेपन, समावेशिता और सहमति की भावना के प्रति भी अपने दृढ़ संकल्प को जाहिर किया है। यहां बता दें कि भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। जिसके तहत इस बैठक का आयोजन किया गया था। भविष्य में सितंबर महीने में समूह देशों का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जाएगा।

### इसलिए नहीं थी साझा बयान की उम्मीद

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी देश के कूटनीतिक गलियारों में तेजी के साथ यह कयास लगाए जा रहे थे कि इस बैठक के अंत में कोई साझा घोषणापत्र या संयुक्त बयान जारी होने की संभावना कम ही है। जिसके पीछे ईरान के दो सदस्य देश यानी ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हैं। दोनों देश पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। ईरान जहां एक ओर युद्ध में अमेरिका और इजरायल समेत उनके अन्य सहयोगियों पर दबाव बनाने के लिए यूएई पर हमला कर रहा है। तो वहीं यूएई इस लड़ाई में अमेरिका के साथ मजबूती से खड़ा है। ब्रिक्स की बैठक में ईरान के विदेश मंत्री और यूएई के उप-विदेश मंत्री शामिल हुए।

### आर्थिक-प्रशासनिक सुधार जरूरी

ब्रिक्स देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ और यूएन जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधारों की नितांत आवश्यकता है। यह उनकी वैश्विक शासन प्रणाली में सुधार की पुरानी मांग से जुड़ी हुई है। वह इस मुद्दे के पक्ष में इसलिए भी हैं। क्योंकि उनका मानना है कि सुधारों की मदद से इन संस्थानों में उभरती हुई और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) का मामला भी ब्रिक्स देशों के विचार-विमर्श का हिस्सा बना। समूह देशों ने माना कि वर्तमान समय में बनी हुई एकध्रुवीय व्यवस्था के स्थान पर बहुध्रुवीय व्यवस्था के जरिए भविष्य की चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। जिसमें वैश्विक दक्षिण के देशों की आवाज को बुलंद करने को एक बड़ी प्राथमिकता बताया गया।

### यूएन में भारत की बड़ी भूमिका को दिया समर्थन

पश्चिम एशिया के मामले पर उभरे मतभेदों के बावजूद सदस्य देशों ने भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता और इस संबंध में भविष्य में उसकी सफल-सार्थक कार्रवाई को एकजुटता से अपना समर्थन प्रदान किया है। चीन और रूस ने पुनः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की बड़ी भूमिकाओं जैसे स्थायी सदस्यता के लिए अपने समर्थन को दोहराया है।

### सहयोग आवश्यक, संवाद जरूरीः जयशंकर

*विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने इस बैठक की अध्यक्षता की और उसे संबोधित भी किया। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि बैठक के अंतिम दिन आयोजित किए गए सत्र का विषय 'वैश्विक शासन और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार' था। जिसमें हमने एक अधिक परस्पर रूप से जुड़े हुए जटिल और बहुध्रुवीय विश्व में विश्वसनीय और सुधरे हुए बहुपक्षवाद की आवश्यकता पर जोर दिया है। हमारे समय का संदेश बिलकुल साफ है। सहयोग आवश्यक है, संवाद जरूरी है और सुधार लंबित है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का मानना है कि यूएन की दोनों श्रेणियों (स्थायी-अस्थायी) में सुधार के बिना उसकी प्रभावशीलता और विश्वसनीयता सीमित बनी रहेगी। इसके लिए समयबद्ध वार्ताओं की दरकार है। वैश्विक स्तर पर वित्तीय सुधारों की तत्काल जरूरत है। जो बहुपक्षीय विकास बैंकों को अधिक जवाबदेह, मजबूत और सक्षम बनाएंगे। विकास, जलवायु वित्त के लिए पहुंच बढ़ाने पर भी हम एकमत हैं। नियम आधारित, निष्पक्ष, खुली हुई और समावेशी वैश्विक व्यापार प्रणाली का महत्व स्वीकार किया गया। जिसके केंद्र में डब्ल्यूटीओ, गैर-बाजार प्रथाएं और आपूर्ति श्रृंखलाओं का संकेंद्रण को मुख्य से शामिल किया गया है।*

**इन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया**

*विदेश मंत्रालय ने अध्यक्षीय बयान के जरिए किसी भी देश का नाम लिए बगैर यह स्पष्ट किया है कि बैठक में समूह के कुछ सदस्यों के विचारों में पश्चिम-एशिया और मध्य पूर्व क्षेत्र के हालात मुद्दे को लेकर मतभेद उभरे थे। ऐसे में उन्होंने मामले पर अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय स्थिति और उससे जुड़े हुए विचारों को ही बैठक में रखा। जिसमें खासतौर पर मौजूदा संकट को जल्द से जल्द खत्म किए जाने की आवश्यकता, बातचीत-कूटनीति का महत्व, संप्रभुता-क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान, वैश्विक कानूनों को बनाए रखने, नागरिक ढांचों व आम लोगों के जीवन की सुरक्षा को बरकरार रखने पर जोर दिया। जबकि ब्रिक्स के कई सदस्यों ने हालिया घटनाक्रम का वैश्विक आर्थिक स्थिति पर पड़ते प्रभावों का भी उल्लेख किया है।*

**रूसी विदेश मंत्री ने जताया भरोसा**


# भारत भी करा सकता है ईरान यूएस और यूएई के बीच बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स बैठक में भाग लेने भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारत की कूटनीतिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच अगर लंबे समय के लिए किसी स्थायी मध्यस्थ की जरूरत पड़ती है, तो यह भूमिका भारत निभा सकता है।

भारत के पास व्यापक कूटनीतिक अनुभव है और वैश्विक स्तर पर संवाद स्थापित करने की क्षमता भी है। लावरोव ने कहा कि भारत इस समय ब्रिक्स का अध्यक्ष है और वह दुनिया के बड़े ऊर्जा उपभोक्ता देशों में शामिल है। इसलिए क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना भारत के सीधे हित में है।

हाल में ईरान द्वारा यूएई पर किए गए हमलों के बाद भारत दोनों देशों को बातचीत की मेज पर ला सकता है। लावरोव ने कहा कि भारत चाहे तो ईरान और यूएई के बीच संवाद शुरू कराने में मदद कर सकता है, ताकि दोनों देशों के बीच टकराव से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ देश ईरान और अरब देशों के बीच दुश्मनी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि रूस का उद्देश्य तनाव कम करना है।


रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

### द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य

लावरोव ने कहा कि भारत और रूस ने व्यापार, अर्थव्यवस्था और निवेश के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया है। दोनों देश ऐसे तंत्र विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और आर्थिक दबावों पर निर्भरता कम हो सके। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही परिवहन गलियारों को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई, ताकि आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा मिल सके। भारत और रूस विशेष रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर काम कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापार और निवेश पर तीसरे देशों के अमित्र दबाव और प्रतिबंधों का असर कम किया जा सके। लावरोव ने बताया कि दोनों देशों के बीच हुई चर्चा में उन प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस किया गया, जिन पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच हुई पिछली शिखर बैठकों में सहमति बनी थी।

### भारत को ऊर्जा आपूर्ति जारी रहेगी

लावरोव ने कहा कि मैं गारंटी दे सकता हूं कि रूस की ऊर्जा सप्लाई से जुड़े भारत के हित प्रभावित नहीं होंगे। रूस हरसंभव कोशिश करेगा कि कोई भी गलत कम्पटीशन भारत और रूस के समझौतों को नुकसान न पहुंचाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस ने ऊर्जा क्षेत्र में कभी भी भारत या किसी दूसरे साझेदार के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाया है। भारत को ऊर्जा की जरूरत है और रूस गैस, तेल और कोयले जैसे हाइड्रोकार्बन की आपूर्ति लगातार जारी रखे हुए है। रूस यह सुनिश्चित करेगा कि भारत के ऊर्जा हित पूरी तरह सुरक्षित रहें।

**वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया**

# भारत व ब्रिटेन इस्पात मुद्दे को सुलझाने के लिए कर रहे काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि ब्रिटेन के हाल के इस्पात संरक्षण उपाय से उत्पन्न मुद्दों से निपटने के लिए भारत और ब्रिटेन 'विशिष्ट एवं रचनात्मक समाधान' तलाश रहे हैं ताकि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) को जल्द लागू किया जा सके। दोनों देशों ने 24 जुलाई 2025 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सचिव ने कहा कि हम इसे लागू करने के बहुत करीब हैं। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ अड़चनें हैं। ब्रिटेन हाल ही में एक इस्पात उपाय लेकर आया है जिसे भारत-ब्रिटेन समझौते की वार्ता के दौरान ध्यान में नहीं रखा गया था।



हम इस इस्पात उपाय पर भी एक विशिष्ट, रचनात्मक समाधान खोजने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि भारत-ब्रिटेन सीईटीए को जल्द लागू किया जा सके। ब्रिटेन एक जुलाई 2026 से शुल्क-मुक्त इस्पात आयात पर सीमा लागू करेगा जिससे कुल कोटा मात्रा इस्पात संरक्षण उपाय की तुलना में 60 % कम हो जाएगी। इन स्तरों से अधिक आयात पर 50% शुल्क लगाया जाएगा।

**भारत की रक्षा क्षमता को मिलेगी नई ऊंचाई, देश में ही बनेगा पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट**

# 15,803 करोड़ के एएमसीए प्रोजेक्ट की रक्षा मंत्री ने रखी आधारशिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश ने शुक्रवार को पुट्टपर्थी में एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट की नींव रखी। यह भारत का पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट प्रोजेक्ट है। इसकी कुल लागत लगभग 15,803 करोड़ रुपए है। इस परियोजना से करीब 7500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। एएमसीए भारत का पहला स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर विमान होगा। इसमें रडार से छिपने की खास क्षमता (स्टेल्थ टेक्नोलॉजी) होगी। यह केवल कुछ ही देशों के पास उपलब्ध है।

### आत्मनिर्भर भारत का सपना मजबूत होगा



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) जैसे संस्थान भारत को स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। पुट्टपर्थी में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत आत्मनिर्भर भारत के सपने को और मजबूत करेगी। यह परियोजना भारत को विदेशी फाइटर विमानों पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। एएमसीए के जरिए भारतीय वायुसेना को आधुनिक स्टेल्थ तकनीक वाली लड़ाकू विमान मिलेगा, जो भविष्य के युद्ध में बहुत उपयोगी साबित होगा। एएमसीए स्टेल्थ फाइटर भारत की रक्षा क्षमता को नई ऊंचाई देगा। बता दें, एडीए डीआरडीओ की एक यूनिट है जिसने तेजस मार्क-1 बनाया है।

**पुट्टपर्थी में बन रहा कोर इंटीग्रेशन सेंटर**

इस पूरे एएमसीए प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा कोर इंटीग्रेशन एंड फ्लाइट टेस्टिंग सेंटर है जिसे पुट्टपर्थी में स्थापित किया जा रहा है। इस सेंटर पर करीब 2,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि दुनिया में इतने एडवांस फ्लाइट टेस्टिंग सेंटर बहुत कम जगहों पर उपलब्ध हैं। इस सेंटर में विमान के विभिन्न पाट्र्स को एक साथ जोड़ने और उसकी उड़ान परीक्षण की सुविधा होगी।

### कुरनूल में बन रही है ड्रोन सिटी

यह 15,803 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट आंध्र प्रदेश में डिफेंस और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करेगा। 7500 युवाओं को सीधे रोजगार मिलेगा। साथ ही हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा होंगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज चार बड़े प्रोजेक्ट्स की नींव रखी गई। इसके अलावा कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियां मिलकर ड्रोन सिटी बना रही हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### नौसेना और रक्षा उत्पादन को मजबूती

अनाकापल्ली जिले के टी सिरासापल्ली गांव में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की नौसेना प्रणाली निर्माण सुविधा की भी आधारशिला रखी गई। लगभग 480 करोड़ रुपए की यह परियोजना पनडुब्बी हथियारों, जलमग्न प्रतिवाद प्रणालियों और अगली पीढ़ी के टॉरपीडो के निर्माण पर केंद्रित होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि यहां ऐसे कई महत्वपूर्ण उपकरण और उप-प्रणालियां तैयार की जाएंगी जिन्हें अब तक विदेशों से आयात किया जाता रहा है। इससे भारतीय नौसेना की क्षमता और समुद्री सुरक्षा दोनों को मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109